CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 26 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 54 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प का एपल के बहाने भारत पर निशाना

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पहलगाम के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी

## 60 किमी के रूट पर 35 हजार जवान, 4 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

पहलगाम, वार्ता

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60 किमी वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी। इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा एक लाख जवान संभालेंगे।

दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं। जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी कई विभागों के साथ पहलगाम और बालटाल के दोनों मार्गों पर ट्रैक को साफ करने और सुविधाओं को लेकर काम कर रहे हैं। बालटाल मार्ग से बालटाल, नीलग्रथ डोमेल, ब्रारी मार्ग, संगम, लोअर गुफा और पवित्र गुफा पर शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। पहलगाम मार्ग से नंदीवान, चंदनवाड़ी, पिसु टाप, शेषनाग और पंचतरणी पर भी कैंप बन रहे हैं। बालटाल और नंदीवान बेस कैंप में दो नए यात्री भवन का निर्माण शामिल है। श्रीनगर के पंथाचौक स्थित 6 मंजिला यात्री निवास की दो और मंजिलें इस साल शुरू होने वाली हैं। इसकी क्षमता 1,000 लोगों की है। स्वच्छता सेवाओं का काम ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है। 5,000 शौचालय स्थापित किए जा रहे हैं, 2,000 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा के अलावा, तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भी तैयारियां चल रही हैं।

■ चार लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया



# चार राज्यों में पहुंचा मानसून, महाराष्ट्र में तेज बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है। मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। आमतौर पर राज्य में मानसून की एंट्री 16 जून के आसपास होती है। पिछले साल 21 जून को मानसून आया था। दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। इसके चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 4:00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे से सुबह 5:30 बजे तक 82 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली और 3.2 इंच (81.2 -शेष पृष्ठ दो पर

■ जून के पहले हफ्ते में मप्र में एंट्री संभव, दिल्ली में 49 फ्लाइट्स डायवर्ट, हिमाचल में बादल फटा

■ गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरने से एसआई की दबकर मौत

### तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए 3 रविवार सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया, जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है ।

### मणिपुर शब्द हटाने पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से 'मणिपुर' शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की घेराबंदी करने जा रहे थे। कोआर्डिनेटिंग कमेटी आन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस अपमानजनक कृत्य के लिए माफी मांगें।

### राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुई बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# 'मन की बात' में मोदी का दावा

# सिर्फ सैन्य अभियान ही नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है ऑपरेशन सिंदूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिये लोगों से बात की। कार्यक्रम का रविवार को 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे। पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।



■ बोले- देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है आतंकवाद को हर हाल में खत्म करना ही है

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य: भागवत

**नागपुर।** आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता की अनिवार्यता पर जोर दिया और कहा कि भारत को किसी भी खतरे से स्वतंत्र रूप से अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए , भले ही देश के खिलाफ कई शक्तियां एकजुट हों। आरएसएस की शताब्दी के अवसर पर 'ऑर्गनाइजर' के साथ विस्तृत साक्षात्कार में श्री भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें अपनी रक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। कोई भी हमें जीतने में सक्षम नहीं होना चाहिए , भले ही कई शक्तियां एक साथ आ जाएं। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची ताकत भीतर से आती है और इसे गलत दिशा में हिंसा से बचने के लिए सद्गुणों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। एक सद्गुणी व्यक्ति सिर्फ अपने सद्गुणों के कारण सुरक्षित नहीं है , इसलिए सद्गुणों को शक्ति के साथ जोड़ा जाना चाहिए। केवल क्रूर शक्ति दिशाहीन हो सकती है, जिससे स्पष्ट हिंसा हो सकती है। इसलिए शक्ति को धर्म के साथ जोड़ा जाना चाहिए। श्री भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की शक्ति की दृष्टि वैश्विक प्रभुत्व के उद्देश्य से नहीं है, बल्कि सभी के लिए शांति और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है।

# पाक एजेंट अदिति के शिकंजे में गुजरात का सहदेव

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात एटीएस** ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को अरेस्ट किया है। सहदेव कच्छ जिले के लखपत तालुका में संविदा पर तैनात था। वह बीएसएफ व नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था।

एटीएस के मुताबिक, इसके लिए जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से व्हाट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि पहली बार उसे संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपये नकद मिले थे। इससे पहले एटीएस ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारत से गद्दारी कर दुश्मन देश पाकिस्तान के लिए भारत में रहकर जासूसी करने वाला सहदेव पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया और कितने समय तक संपर्क में रहा? सहदेव सिंह को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था।



■ एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को किया गिरफ्तार

■ पाकिस्तानी एजेंसी को भेज रहा था कच्छ के बीएसएफ व नेवी की फोटो और वीडियो

# लालू ने तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से किया बेदखल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया है। श्री यादव ने एक महिला के साथ तेजप्रताप यादव का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट करके अपने बड़े पुत्र को पार्टी और परिवार से निष्कासित किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएवं उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। तेजप्रताप यादव के फेसबुक अकाउंट से एक लड़की के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा गया था, 'मैं तेजप्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते है।

■ कहा: तेजप्रताप ने सामाजिक न्याय को किया कमजोर

### चार राज्यों की पांच विस सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल , पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदार , केरल की निलम्बूर , पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी। इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गई है। ये सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

# श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गोपेश्वर।** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र और पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट रविवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्री हेमकुंड साहिब की वार्षिक यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को गोविन्दघाट गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था भारी पुलिस सुरक्षा, बैंड-बाजों की धुन और पवित्र निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। इस जत्थे ने रात्रि विश्राम घांघरिया गुरुद्वारे में किया। रविवार प्रातः यह जत्था जयकारों के साथ हेमकुंड साहिब के लिए आगे बढ़ा और प्रातः शुभ मुहूर्त में श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सिख आस्था के इस प्रमुख स्थल के साथ ही हिंदुओं की आस्था के प्रतीक लोकपाल मंदिर (लक्ष्मण मंदिर) के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जनपद चमोली पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों पर विशेष रूप से एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं।



■ पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पवित्र निशान साहिब के साथ हुआ रवाना

# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

## इकोनॉमिक पॉलिसी के चलते हासिल की उपलब्धि, जापान को पीछे छोड़ा


नई दिल्ली, वार्ता

**भारत अब** आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि अपनी इकोनॉमिक पॉलिसी के कारण हासिल की है। नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने देश की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी की है।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इंटरनेशनल मानेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



■ भारत आज जापान से बड़ा है, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हैं हमसे बड़े



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले परेशान मंत्री यूएस में: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 25 मई की रात आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई, जिसकी वजह से रविवार को लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि लोग वॉटर लॉगिंग और पानी की कमी से परेशान हो रहे हैं और मंत्री अमेरिका में हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर किसी मंत्री को विदेश यात्रा करनी है, तो उसे गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी पड़ती है और फाइल सीएम और एलजी के माध्यम से जाती है। इसलिए सभी जानते हैं कि प्रवेश वर्मा भारत में नहीं है। इसके आगे उन्होंने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व इस तथ्य को क्यों छिपा रहा है कि इस संकट के समय दिल्ली में पानी की कमी और जलभराव में उनके पीडब्ल्यूडी मंत्री अमेरिका में हैं?

### भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**बहराइच।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, क्योंकि खुफिया रिपोर्ट में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बंगलादेशी नागरिकों द्वारा भारत में घुसपैठ की फिराक में होने की सूचना है। इस सूचना के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को उच्च सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इन संदिग्ध व्यक्तियों के नेपाल पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बताया कि 35 से 37 बंगलादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उनकी योजना खुली सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ करने की है, लेकिन सुरक्षा बल उन्हें तुरंत पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कमांडेंट उदावत ने बताया कि एसएसबी ने गश्त तेज कर दी है और चौबीसों घंटे जांच अभियान चलाया जा रहा है। जवान सड़कों, जंगलों और सीमा के समीप गांवों में पैदल और वाहनों से गश्त कर रहे हैं।

### सरकार बेरोजगारी पर भी ध्यान दे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर को लेकर एक ओर भाजपा नेता इसका श्रेय पीएम मोदी को दे रहे है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इसको लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार को बेरोजगार और मध्य वर्ग की परेशानियों पर भी ध्यान देना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने नीति आयोग के इस ऐलान के बाद मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि सरकार मध्यम वर्ग की परेशानी और बेरोजगारी पर कितना ध्यान दिया गया। आरजेडी नेता मनोज झा ने सरकार से कहा कि क्या अर्थव्यवस्था बढ़ने से आम आदमी पर कुछ असर पड़ेगा? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार को यह देखना चाहिए कि इससे आम नागरिकों को कितना फायदा हो रहा है। सरकार को प्रति व्यक्ति आय, अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, ईएमआई चुकाने में संघर्ष कर रहे मध्यम वर्ग, एमएसएमई क्षेत्र, बेरोजगारी जो 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# मदरसों के खिलाफ कार्रवाई कोर्ट की अवमानना

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने लगाई थी रोक: मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय बेंच ने इस्लामी मदरसों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों खासतौर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे। उसमें कहा गया था कि कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने के समय तक इस संबंध में अगर कोई नोटिस या आदेश केंद्र या राज्य सरकार की ओर से जारी होता है तो उस पर भी विधिवत रोक जारी रहेगी।

मौलाना अरशद मदनी कहा कहना है कि सुप्रीमकोर्ट की इस रोक के बावजूद उत्तर प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बहुल ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है। कई मदरसों को ध्वस्त भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की बात तो यह है कि वैध दस्तावेज़ होने के बावजूद यह अभियान जारी है, जिसको लेकर मुसलमानों में डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखि़ल की गई याचिका पर ही सुप्रीमकोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी और अब मदरसों के खिलाफ जो नया अभियान शुरू हुआ है, जमीअत उलमा-ए-हिंद उसके खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने और मदरसों के ज़िम्मेदारों की सलाह और परामर्श की रणनीति तय करने के उद्देश्य से 1 जून 2025 को आजमगढ़ के सराय मीर में स्थित जामिया सुरैया फैजुल उलूम में मदरसा सुरक्षा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सभी मदरसों के जिम्मेदारों और संबंधित लोगों को बुलाया गया है। सम्मेलन के आयोजन और प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी को सौंपी गई है।

# मन की बात: मोदी ने की यूपी के युवाओं की तारीफ

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ खेल के मैदान से शहद उत्पादन तक की सराहना

पीएम मोदी ने अपने कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में यूपी के युवाओं की तारीफ की। उन्होंने खेल के मैदान से लेकर शहद उत्पादन तक में यूपी के युवाओं की मेहनत और उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखा। बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी जैसे युवाओं के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन की पीएम मोदी ने खुले दिल से सराहना की।

नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी पीएम का यह कार्यक्रम सुना और युवाओं को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' मिशन को नई ऊर्जा मिली है और आज यूपी के खिलाड़ी देश के लिए गर्व बन रहे हैं। कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करें। वहीं शेख जीशान वाराणसी के रहने वाले हैं। ट्रिपल जंप में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके पिता ऑटो चलाते हैं, लेकिन जीशान ने कभी हार नहीं मानी। इनके अलावा तुषार चौधरी बिजनौर के किसान परिवार से हैं। उन्होंने वेटलिफ्टिंग (102 किलोग्राम वर्ग) में 289 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। इन युवाओं ने हाल ही में बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन में हो रही प्रगति की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि यूपी में हनी उद्यमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीएम योगी ने इसे 'मधुमय अभियान' का नाम दिया और कहा कि यह मिशन सिर्फ शहद उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी जरिया बन चुका है।


### माओवादी हिंसा की सफलता के बाद प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि माओवादी हिंसा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की सफलता बाद अब हिंसा से प्रभावित जगहों पर सामान्य सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और दंतेवाड़ा जैसे जिले खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई हासिल कर रहे हैं। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब गांव में पहली बार बस पहुंची, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

## यूपी के गांवों के लोगों को नई तकनीक से दक्ष बनाया जाएगा: योगी

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल क्रांति लाएगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 278 करोड़ से बनेगा वर्कफोर्स और लर्निंग सेंटर
■ राष्ट्रीय ग्राम अभियान के तहत चलाई जा रही है योजना

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार अब गांवों को डिजिटल रूप से और मजबूत बनाने जा रही है। सरकार की योजना है कि ग्राम पंचायतों को तकनीक से जोड़कर न सिर्फ जन सुविधाएं बेहतर की जाएं, बल्कि गांव के लोगों को भी नई तकनीकों के इस्तेमाल में दक्ष बनाया जाए।

इसी उद्देश्य से प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है, जिसमें डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी और जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर तथा पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह पूरी योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत चल रही है, जिसका मकसद गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ाना है। सीएम योगी के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत राज्य, जिले और विकास खंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे डिजिटल प्लेटफार्मों पर बेहतर काम कर सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही तरीके से पहुंचा सकें। प्रदेश सरकार की इस योजना का फोकस पंचायत कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और तकनीकी प्रशिक्षण पर है। पंचायत लर्निंग सेंटरों के जरिए कर्मचारियों को कंप्यूटर, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तरों पर मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी। इससे योजनाओं को लागू करने की रफ्तार भी बढ़ेगी और ग्राम पंचायतें पहले से अधिक सक्षम हो सकेंगी। योगी सरकार ने हाल ही में प्रदेश में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों और तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा। अब यह योजना गांवों तक भी पहुंचेगी। ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और जिलों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी एआई टूल्स की जानकारी दी जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी समझ बढ़ेगी और काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। इस योजना को सुचारु रूप से लागू करने के लिए चार स्तरों पर समितियां बनाई जाएंगी।

इनमें राज्य स्तर पर पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति और निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति कार्य करेंगी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्थानीय शासन प्रणाली को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में इस योजना के तहत पहले भी कई तरह के प्रशिक्षण और डिजिटल पहलें चलाई जा चुकी हैं।


### यूपी के प्रमुख शहरों में बनेंगे रिंग रोड बाईपास और फ्लाईओवर: पीडब्ल्यूडी

■ एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर को मिलेगा फायदा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जनता को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में रिंग रोड, बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, जिससे जाम से निजात मिलेगी और यातायात पहले से ज्यादा बेहतर और सुगम हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसकी विस्तृत योजना तैयार कर ली है। इस काम के लिए 6,124 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 62 परियोजनाओं पर काम शुरू होगा। यह योजना खासतौर पर उन शहरों के लिए है, जहां की आबादी एक लाख से ज्यादा है और जहां ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक रहता है। लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि इस परियोजना में यातायात के दबाव और जनसंख्या को आधार बनाकर प्राथमिकता तय की गई है। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि बड़े और व्यस्त इलाकों में बाईपास और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे, ताकि भारी वाहनों को शहरों में न आना पड़े और शहर के अंदरूनी रास्तों पर दबाव कम हो। योगी सरकार का सपना है कि उत्तर प्रदेश को देश की पहली 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए। इसके लिए सड़क और परिवहन नेटवर्क को मजबूत करना जरूरी है। प्रदेश में औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और एक्सप्रेस-वे पहले से ही बनाए जा रहे हैं। अब रिंग रोड और बाईपास जैसी परियोजनाओं से फ्रंट मूवमेंट भी आसान होगा और व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत सिर्फ उन्हीं शहरों में काम होगा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं गुजरता। जिन शहरों में राजमार्ग हैं, वहां राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण खुद रिंग रोड और बाईपास बनाएगा। लोक निर्माण विभाग ने साफ किया है कि एक लाख से ज्यादा आबादी वाले नगर निकाय अगर प्रस्ताव भेजते हैं, तो आबादी और ट्रैफिक की प्राथमिकता के अनुसार उन्हें योजना में शामिल किया जाएगा। इससे छोटे शहरों में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# सीएम अब्दुल्ला घाटी में करेंगे सरकारी बैठकें

**श्रीनगर, वार्ता**



■ जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों का भरोसा जगाने के लिए उमर की पहल

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है, इसको लेकर जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर्यटकों में विश्वास पैदा करने के लिए घाटी के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर आधिकारिक बैठक करेंगे। बैठक के लिए सबसे पहले गुलमर्ग को चुना गया है। 28 मई बुधवार को सीएम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होगी।

जम्मू-कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नोटिस जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री 28 मई को दोपहर 12 बजे गुलमर्ग में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। तदनुसार अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उमर के अलावा उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी और कैबिनेट मंत्री तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी भी बैठक में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों में जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, 30 से अधिक विभागों के सभी प्रशासनिक सचिव, कश्मीर के संभागीय आयुक्त, कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी कश्मीर के डीआईजी, पंद्रह विभागों के निदेशक, बारामुल्ला के उपायुक्त तथा दर्जनों अन्य अधीनस्थ अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक और मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला दरवाजे पर शासन पहल के तहत गुलमर्ग और पहलगाम सहित विभिन्न स्थानों पर कैबिनेट बैठकों का नेतृत्व करेंगे।

सादिक ने रविवार 25 मई को श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री गुलमर्ग, पहलगाम और अन्य क्षेत्रों में भी बैठकें करेंगे और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। वह सभी सार्वजनिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए हर दरवाजे तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अर्थ व्यापार

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक तनाव और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अमेरिका के बजट घाटे, मुद्रास्फीति आंकड़े और बेरोजगारी दावों के साथ ही समाप्त वित्त वर्ष के भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.51 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24853.15 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

इससे मिडकैप 144.42 अंक अर्थात 0.32 प्रतिशत कमजोर होकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 44861.42 अंक पर आ गया, जबकि स्मॉलकैप 475.68 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 51521.42 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। इसका मुख्य कारण वैश्विक बॉन्ड बाजारों में उथल.पुथल और भू.राजनीतिक तनाव रहे। सप्ताह की शुरुआत मजबूत रही, लेकिन अमेरिका में कमजोर ट्रेजरी नीलामी और बॉन्ड ईल्ड में बढ़ोतरी ने वैश्विक जोखिम, मुक्त धारणा को प्रबल किया, जिससे सप्ताह के मध्य में सेंसेक्स और निफ्टी में तेज बिकवाली देखने को मिली।

अमेरिका और जापान दोनों में बढ़ते बॉन्ड ईल्ड से निवेशकों की चिंता गहराई क्योंकि इससे उभरते बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर पलायन हो सकता है। इस बीच अमेरिका द्वारा कंपनियों को चीन खासकर हुवेई टेक्नोलॉजीज के निर्मित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप्स को इस्तेमाल से रोकने के फैसले ने चीन के साथ व्यापार तनाव को और बढ़ा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम को 'एकतरफा बदमाशी' बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया और सख्त प्रतिशोध की चेतावनी दी।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आारक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 690.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, चावल-दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से चावल और अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 12 रिंगिट फिसलकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.47 सेंट की तेजी के साथ 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल 147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17802 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14652 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 14066 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सत्र के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

### सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारना जीवन को सच्चा अर्थ देना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में सिक्किम और उत्तराखंड में स्थानीय कलाओं को संवारने को जीवन को सच्चा अर्थ देना करार दिया है। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें अंक में कहा कि दो-तीन दिन पहले ही मैं पहली उभरता पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन में गया था। उससे पहले हमने पूर्वोत्तर के सामर्थ्य को समर्पित 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' भी मनाया था।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चार राज्यों में...**

एमएम) तक बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की सड़कों पर पानी भर गया। यूपी के गाजियाबाद में एसीपी ऑफिस में बने कमरे की छत गिरी, जिसमें एसआई वीरेंद्र मिश्रा की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शनिवार शाम बादल फटने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई। इससे 25 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहाड़ों से गिर रहे मलबे से हिंदुस्तान-तिब्बत रोड और नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बीकानेर, सीकर और झुंझुनू में शनिवार देर रात आंधी की वजह से इलेक्ट्रिक पोल और पेड़ उखड़ गए। 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश हुई है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गए, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश हुई है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा नदी का वाटर लेवल बढ़ा है। वहीं, मौसम विभाग ने रविवार को देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

# पीएम मोदी बदजुबान नेताओं पर नहीं करते कार्रवाई: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भाजपा के नेता और मंत्री सेना का कर रहे अपमान: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नेता और मंत्री पहलगाम मुद्दे पर सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय खामोश हैं।

खड़गे ने कहा कि भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और बहादुर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान से एक बार फिर आरएसएस भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज़ सेना का अपमान किया पर मोदी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। मोदी आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है, अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदज़ुबानी नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा नेता लगातार सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, जो उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करते हैं। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों एवं उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। विजय शाह और देवड़ा जैसे नेताओं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, अब ये नया बयान घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को इन बयानों की मौन स्वीकृति क्यों न माना जाए। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री इस शर्मनाक बयान पर माफी मांगें और सांसद रामचंद्र जांगड़ा को पार्टी से बाहर करें।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय मोदी को देने की होड़ में जुटे भाजपा नेता: अलका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की होड़ में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई करवाई नहीं हो रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। लांबा ने कहा कि भाजपा नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का श्रेय मोदी को देते हुए उनका गुणगान करके सेना और पीड़ितों को जिस तरह से अपमानित कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले 'ऑपरेशन सिंदूर' का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं और इस होड़ में भाजपा नेताओं की जुबान बिगड़ गई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्रेय देने की होड़ में भाजपा यानी बदजुबान पार्टी के नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कासीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दो दिवसीय जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द एस्प्लेनेड मॉल, सेक्टर 37सी में दो दिवसीय साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत अद्भुत गतिविधियों से गुलज़ार हुआ, जिसमें शास्त्रीय गायन, गज़ल गायन, पैनल चर्चा, नाटक, मुशायरा और कवि सम्मेलन, वाद्ययंत्र, शास्त्रीय नृत्य और लोक गायन आदि शामिल रहें। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह से निरूशुल्क रखा गया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति और साहित्य को प्रोत्साहित करना और युवा पीढ़ी को इसके महत्व से अवगत कराना है ।शाम को महफिल में कवियों और शायरों-गुलज़ार वानी (आईआरएस), मीनाक्षी जिजीविषा, रंजन निगम, अनस फैज़ी, इमरान राही, शाकिर देहलवी, हमज़ा बिलाल और नितिन कबीर जैसी नामचीन हस्तियों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों के दिलों को छू लिआ। इस अवसर पर जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत के संस्थापक कुंवर रंजीत चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब को, हमारी विरासत को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।



शाम ढलते-ढलते मंच पर पद्म भूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा ने शास्त्रीय गायकी से मन को वृंदावन की गलियों में पहुंचा दिया और फिर डॉ. ममता जोशी और उनके ग्रुप की सूफियाना पेशकश श्मोहे लागी लगनश के साथ पहले दिन का समापन किया। सुरों, शब्दों और संस्कृति का महासंगम कल भी जारी रहेगा।

## किसान को पीटा

**किठौर।** कायस्थ बड्ढा में खेत पर गए व्यक्ति को विरोधियों ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। अचेत होने पर आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शनिवार देरात कायस्थ बड्ढा निवासी सलमान पुत्र जाकिर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार सुबह उसका भाई अलीम सिंचाई के लिए खेत पर गया था। जैसे ही उसने अपने खेत में पानी किया तभी आसपास के खेतों में पहले से घात लगाए बैठे मैराज, जीशान, नईम, जहीर पुत्र यूनुस कुरैशी ने उस पर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पिटाई से अचेत होकर अलीम वहीं गिर गया। मारपीट की आवाज पर आसपास के किसान मौके की तरफ भागे तो देखा की आरोपी अलीम को गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देते हुए जा रहे थे। किसानों ने डायल 112 को सूचना दी। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रक्तदान कैंप का चेयरपर्सन पुत्र ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना हेल्थ क्लीनिक डॉ. आसमोहम्मद के क्लीनिक पर रक्तदान कैम्प का अयोजन शाईन चैरिटेबल ट्रस्ट मेरठ की तरफ से लगाया गया। जिसका उद्घाटन चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी व डाक्टर आसमुहम्माद, समाज सेवी सुहैल इसहाक कुरैशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

शाहवेज अंसारी ने रक्त दान करने के बाद कहा कि रक्तदान से आपका कुछ भी खर्च नही होगा, लेकिन आपका यही रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होगा। समय-समय पर रक्तदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती है, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है, रक्तदान को महादान कहा गया है। 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। तो हम सब को भी नियमित तौर पर रक्तदान करते रहना चाहिए। डाक्टर आस मुहम्मद ने कहा की रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबदस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उक्त कैंप में लोगो ने बड़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें डॉ. सुधीर, डॉ. शाहरुख, विक्की, हिमांसी, कुलद. ीप पाल, ऋषभ पाल, मुहम्मद शामी आदि लोग रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष डाक्टर नाजिम ने कहा उक्त कैंप हम लगातार नगर व आसपास के क्षेत्र में लगाते रहते हैं। जिसमें सभी डोनेट कराने वालों को मेडल, हेलमेट, वाटर बोटल व जूस आदि दिए गए।

# किसानों ने यमुना प्राधिकरण को दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली।** तीर्थली गांव में किसान कल्याण परिषद द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में हजारों की संख्या में किसान पहुंचे और यमुना प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोला दिया एवं प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी के तत्वाधान में किसानों ने अपनी अधिकार मांग पत्र रखी और कहा की जब तक हमारे अधिकार हमें नहीं मिल जाते तब तक हम इस महापंचायत को समाप्त नहीं करेंगे। यमुना प्राधिकरण और किसानों के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए किसान महापंचायत में क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह पहुंचे और किसानों की

## महापंचायत में पहुंचे विधायक धीरेंद्र सिंह

समस्याओं को सुना और जल्द ही इसका निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार किसानों के साथ है। सुधीर त्यागी ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि ग्राम सभा की पुरानी आबादियों को छोड़ा जाए और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अंतर्गत 20 प्रतिशत जमीन विकसित कर यमुना प्राधिकरण किसानों को देने का काम करे, इलाके में लगने वाले उद्योग-धंधों में स्थानीय युवाओं को 40 प्रतिशत नौकरी दी जाए, गांव के भूमिहीन किसान मजदूरों को 100 गज प्लाट विकसित कर दिए जाएं हमारी आदि मांगे हैं, जिसे यमुना प्राधिकरण पूरा करें। सुधीर त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह के कहने पर इस महापंचायत को समाप्त नहीं स्थगित किया जा रहा है और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को 15 दिन का वक्त दिया जा रहा है यदि हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो यमुना प्राधिकरण के खिलाफ फिर किसान महापंचायत बुलाई जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री सुशील शर्मा, रिंकू भाटी, उदयवीर सिंह, शाहिद प्रधान आदि लोगों ने किसान महापंचायत में आए किसानों को संबोधित किया।



# पुलिस ने छात्र नेता शान मौहम्मद पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीसीएसयू के छात्र नेता किठौर के मौहल्ला मौसमखानी निवासी शान मौहम्मद पर किठौर पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए नोटिस में बताया कि वह क्षेत्र व यूनिर्वसिटी में गुंडे के रूप में काम कर रहे हैं। शान एक शातिर किस्म का अपराधी हैं जनता में उसके प्रति काफी भय है।

लोग उसके खिलाफ गवाही देने को भी तैयार नहीं है। छात्र नेता शान का समाज में घुमना जनहित के लिए हानिकारक बना हुआ है। आरोपी के खिलाफ 3/4 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम -1970 उ.प्र. के तहत कार्रवाई हेतू चालानी रिपोर्ट दी गई है। जिस पर एसपी देहात व सीओ ने कार्रवाई करने के आदेश दिये है।



मैंने हमेशा गरीब असहाय व छात्रों के हित की लड़ाई लड़ी है कभी किसी को डराया या धमकाया नहीं है। मेरे ऊपर लगे आरोप निराधार हैं। **-शान मौहम्मद छात्र नेता सीसीएसयू मेरठ।**

# कोतवाली से लेखपाल की बाइक चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** थाना समाधान दिवस में पहुंचे लेखपाल की डिडौली कोतवाली परिसर से बाइक गायब हो गई। चोर पुरानी बाइक छोड़ गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने लोगों को शिकायते सुनते हुए उनका निस्तारण कराया था। सदर तहसील में तैनात लेखपाल प्रशांत कुमार राजस्व विभाग की टीम के साथ डिडौली कोतवाली में पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक कोतवाली परिसर में ही महिला हेल्प डेस्क के पास खड़ी थी। अफसरों के निर्देश पर एक शिकायत का निस्तारण कराने के लिए वह साथी लेखपाल दिनेश कुमार की कार से पुलिस टीम के साथ गाड़ी में सवार होकर गांव चकसूरतपुर व सिरसा मनिहार गए थे। शाम पांच बजे जब लेखपाल प्रशांत कुमार जब वापस लौटे तो कोतवाली परिसर से उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाशने पर भी बाइक का कुछ पता नहीं चला।

# पत्रकार ने जान को खतरा बताकर पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना के एक पत्रकार ने बीते वर्ष चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर फिर से किसी घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई है। पत्रकार का आरोप है कि आरोपी रविवार को उसके कार्यालय के बाहर आकर रुका और काफी देर तक उसे घूरता रहा। उसके सुरक्षा गार्ड ने उक्त आरा. ेपी को वहां से चलता किया और उसकी फोटो वीडियो भी बनाई। पीड़ित पत्रकार ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि एक समाचार पत्र के पत्रकार यासीन पुत्र यूसुफ पर बीते वर्ष उस समय जान लेवा हमला कर दिया गया था जब वे दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रहे थे। चाकूओं से उनपर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कई आरोपियों को जेल भेजा था। इसी बीच यासीन को सुरक्षा भी अधिकारियों ने उपलब्ध कराई थी। यासीन के अनुसार एक आरोपी उमर पुत्र अय्यूब जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ है। यासीन ने बताया कि रविवार को आरोपी उसके कार्यालय पर आया और से घूरने लगा। ये नजारा उसके सुरक्षाकर्मी ने देख लिया। उसने तुरंत आरोपी को धमकाया और वहां से भगा दिया। पीड़ित यासीन ने उसी समय थ्ज्ञाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और जान को खतरा बताकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।


## श्रीराम फाइनेन्स लिमिटेड

SHRIRAM Finance

SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

(पहले श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

**पंजीकृत कार्यालय:** 14ए, श्री टावर्स, साउथ फेज, इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032 **शाखा कार्यालय:** सॉलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, बिल्डिंग नंबर 10,1062, 6वीं मंजिल, गुरु हरगोविंदजी मार्ग, चकला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400 093 **website: www.shriramfinanec.in**

**माँग सूचना पत्र**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

जैसा कि यहां नीचे उल्लेखित कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों ने श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता ग्रहण की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फॉर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के अ धिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| 1) मैसर्स मेहर... उधारकर्ता प्रतिनिधि नितीश बंसल निवासी जी-15, एबी विजय नगर, सिंगल स्टोरी, नई दिल्ली - 110009.<br>इसके अलावा: डी-7, मौरसी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तरी दिल्ली -110007.<br>2) श्री नितीश बंसल पुत्र श्री सतीश बंसल ....... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-7, मौरसी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तरी दिल्ली 110007.<br>3) श्री मधुर शर्मा... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-7, मौरसी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तरी दिल्ली-110007.<br>1. श्री राहुल खत्री पुत्र बिजेंदर कुमार ..... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) यू-187, विजय नगर, पैना उद्यान, नरेला उत्तर पश्चिम दिल्ली-110040.<br>2. श्रीमती निर्मल बंसल....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-7, मौरसी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तरी दिल्ली-110007.<br>एनपीए की दिनांक - 05.05.2025<br>मांग सूचना की तिथि: 12.05.2025 | रु. 30,96,506/- (रु. तीस लाख छियानवे हज़ार पाँच सौ छह मात्र) दिनांक 07.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLTF1906040001<br>और<br>रु. 260967/- (रु. दो लाख साठ हज़ार नौ सौ सड़सठ मात्र) दिनांक 07.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLTF2110050009<br>ऋण धनराशि<br>रु. 42,25,000/- (रु. बयालीस लाख पच्चीस हज़ार मात्र)<br>और<br>रू. 8,00,000/-(रू. आठ लाख मात्र) | एमपीएल नंबर 62, (पुराना नंबर 69) वाली संपत्ति के बिना छत के अधिकार के तीसरे तल का सामने का हिस्सा, क्षेत्रफल 133 वर्ग गज, खसरा नंबर 189/150 गांव गढ़ी झाना मारिया, संत नगर, नई दिल्ली<br>उक्त सीमाएं:-<br>पूर्व: 9 मीटर चौड़ी सड़क<br>पश्चिम: मकान नंबर 61<br>उत्तर: मुख्य सड़क<br>दक्षिण: सड़क |
| 1. मैसर्स कृष्ण इंटरनेशनल ...... उधारकर्ता अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रतिनिधित्व श्री कृष्ण लाल, बी-80, चाणक्य प्लेस, पार्ट-1, उत्तम नगर, नई दिल्ली - 110051.<br>2. श्री कृष्ण लाल, .....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) बी-80, चाणक्य प्लेस, पार्ट-1, उत्तम नगर, दिल्ली - 110051<br>3. श्रीमती दर्शना स्वामी.....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) बी-80, चाणक्य प्लेस, पार्ट-1, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110051. 1) श्री निशा जैन .... उधारकर्ता 4684-85 और 4686, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 17, डिप्टी गंज, सदर बाजार, दिल्ली-110006.<br>इसके अलावा: मकान नंबर टी-83, गली नंबर 7, गौतमपुरी, गढ़ी मेंडु, दिल्ली - 110053.<br>2) स्वर्गीय आयुष जैन,.....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से (ए) श्री प्रवीण कुमार जैन (बी) श्रीमती निशा जैन दोनों का पता: मकान नंबर टी-83, गली नंबर 7, गौतमपुरी, गढ़ी मेंडु, दिल्ली - 110053.<br>3) श्री प्रवीण कुमार जैन.....(सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान नंबर टी-83, गली नंबर 7, गौतमपुरी, गढ़ी मेंडु, दिल्ली - 110053.<br>एनपीए की दिनांक - 02.06.2024<br>मांग सूचना की तिथि: 19.05.2025 | रु. 48,49,925/- (रु.अड़तालीस लाख उनचास हज़ार नौ सौ पच्चीस मात्र) दिनांक 16.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP2206290001<br>और<br>रु. 5,43,920/- (रु. पाँच लाख तैंतालीस हज़ार नौ सौ बीस मात्र) दिनांक 16.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP2207040005<br>ऋण धनराशि<br>रु. 43,00,000/- (रु. तैंतालीस लाख मात्र)<br>और<br>रू. 5,00,000/- (रू. पांच लाख मात्र) | प्रथम तल पर पूर्व उत्तर की ओर का भाग, छत के स्तर तक, बिना छत के अधिकार के, जिसमें दो बड़े कमरे हैं, जिसका क्षेत्रफल 43.91 वर्ग मीटर, (108.70 वर्ग मीटर में से) विशेष रूप से, मुख्य प्रवेश द्वार, मार्ग, साइड की दीवारों और कमरे की जमीन से ऊपर की ओर जाने वाली सीढ़ियों का उपयोग करने के सामान्य अधिकार के साथ, एमपीएल संख्या 4684, 4685 और 4686 , प्लॉट नं. 17 पर निर्मित, वार्ड संख्या XIII, डिप्टी गंज सदर बाजार, दिल्ली 110006.<br>उक्त सीमाएं:- पूर्व: आम दीवार और संपत्ति का हिस्सा<br>पश्चिम: आम दीवार और संपत्ति का हिस्सा<br>उत्तर: अन्य संपत्ति<br>दक्षिण: आम दीवार सीढ़ियां मार्ग और संपत्ति का हिस्सा |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्द्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**

स्थान:- दिल्ली एनसीआर
दिनांक:- 26/05/2025

हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।



## श्रीराम फाइनेन्स लिमिटेड

SHRIRAM Finance

SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

(पहले श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

**पंजीकृत कार्यालय:** 14ए, श्री टावर्स, साउथ फेज, इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032
**शाखा कार्यालय:** सॉलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, बिल्डिंग नं. 10,1062, 6वीं मंजिल, गुरु हरगोविंदजी मार्ग, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400093, **website: www.shriramfinanec.in**

**माँग सूचना पत्र**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

जैसा कि यहां नीचे उल्लेखित कर्जदारों/सह-कर्जदारों/जमानतियों ने श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता ग्रहण की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फॉर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी।
उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| 1) श्रीमान ओम प्रकाश अवाना पुत्र स्वर्गीय बसंत अवाना .. उधारकर्ता आवासीय प्लॉट नंबर 13, ब्लॉक-ई, सेक्टर-51, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301.<br>2) श्री सविता अवाना पत्नी ओम प्रकाश अवाना... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) आवासीय प्लॉट नंबर 13, ब्लॉक-ई, सेक्टर-51, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301.<br>3) स्वर्गीय राजेश्वरी (सह-उधारकर्ता/गारंटर) अपने कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से<br>1) जागृति अवाना @ जगन पुत्री स्वर्गीय बसंता अवाना और पत्नी अजीत सिंह, निवासी गाँव - भटोला फ़रीदाबाद, हरियाणा -121002<br>(बी) श्रीमान इंद्रजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय बसंता अवाना, निवासी ग्राम कोठरी नोएडा, उत्तर प्रदेश -20130.<br>(सी) श्री अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय बसंत अवाना निवासी एच.एन.ओ. 8, टेके वाली गली, कृष्णा कॉम्प्लेक्स के पास, सेक्टर- 31, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301.<br>(डी) श्री ओम प्रकाश अवाना स्वर्गीय बसंत अवाना और आवासीय प्लॉट नंबर 13, ब्लॉक-ई, सेक्टर-51, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301.<br>एनपीए की दिनांक - 03.12.2024<br>मांग सूचना की तिथि: 23.05.2025 | रु. 52,52,258/- (रु. बावन लाख बावन हज़ार दो सौ अट्ठावन मात्र) दिनांक 16 मई 2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP23 01100001<br>और<br>रु. 2,65,02,556/- (रु. दो करोड़ पैंसठ लाख दो हज़ार पाँच सौ छप्पन मात्र)<br>ऋण धनराशि<br>रु. 50,00,000/- रु. पचास लाख मात्र<br>और<br>रू. 2,50,00,000.00/- (रू. दो करोड़ पचास लाख मात्र) | आवासीय प्लॉट नंबर 13, क्षेत्रफल 325 वर्ग मीटर, ब्लॉक-ई, सेक्टर-51, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।<br>निम्नानुसार सीमाबद्ध:<br>पूर्व: प्लॉट नंबर ई-14,<br>पश्चिम: 9 मीटर चौड़ी सड़क<br>उत्तर: प्लॉट नंबर ई-12,<br>दक्षिण: 12 मीटर चौड़ी सड़क |
| 1) मैसर्स एएस एंटरप्राइजेज ............उधारकर्ता श्री विपिन कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधि, प्लॉट नंबर 39, सेक्टर-4, पॉकेट-एफ, बवाना औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली - 110039.<br>इसके अलावा: डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301.<br>2) श्री विपिन कुमार जैन (सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301<br>3) श्री अतिशय जैन ..... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, प्रदेश - 201301<br>4) श्रीमती बरखा जय (सह-उधारकर्ता/गारंटर) डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबु) नगर, प्रदेश - 201301<br>एनपीए की दिनांक - 05.05.2025<br>डिमांड सूचना की तिथि: 11.05.2025 | रु. 65,98,618/- (रु. पैंसठ लाख अट्ठानवे हज़ार छह सौ अठारह मात्र) दिनांक 07 मई 2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP22 09080008.<br>ऋण धनराशि<br>रु. 70,00,000/- (रु. सत्तर लाख मात्र) | दुकान नंबर- एफएफ-2, एफएफ-3, एफएफ-4 क्षेत्रफल एरिया 615 वर्ग फीट और दुकान नंबर एफएफ-5 और एफएफ-6 क्षेत्रफल 482 वर्ग फीट, इलेवन सी टावर, प्लॉट संख्या 11/11, कम्यूनिटी नंबर-सी, सेक्टर-11, वसुंधरा तहसील और जिला गाजियाबाद. उक्त सीमाएं:-<br>पूर्व: प्लॉट नंबर 11/जीएच-1<br>पश्चिम: प्लॉट नंबर 11 कम्यूनिटी/बी<br>उत्तर: 12 मीटर चौड़ी सड़क<br>दक्षिण: प्लॉट संख्या 11/जीएच-3 |
| 1) मैसर्स डी एस एंटरप्राइजेज ............उधारकर्ता प्रतिनिधि द्वारा श्री सनी साध निवासी-ए-002, ग्राम साकीपुर, जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308.<br>2) श्री सनी साध ......(सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान नंबर 697, गली नंबर 16, आदर्श मोहल्ला, मौजपुर, भीम डेयरी के पास- 110053.<br>इसके अलावा: निवासी-ए-002, ग्राम साकीपुर, ज़ेटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308.<br>3) श्रीमान सनील कुमार साध... (सह-उधारकर्ता/गारंटर) निवासी-ए-002, ग्राम साकीपुर, जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308.<br>इसके अलावा: मकान नंबर 697, गली नंबर 16, आदर्श मोहल्ला, मौजपुर, भीम डेयरी के पास- 110053.<br>श्रीमती चेतना कुमार साध...(सह-उधारकर्ता/गारंटर) निवासी-ए-002, ग्राम साकीपुर, जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308.<br>एनपीए की दिनांक - 05.05.2025<br>डिमांड सूचना की तिथि: 12.05.2025 | रु. 1,12,84,356/- (रु. एक करोड़ बारह लाख चौरासी हज़ार तीन सौ छप्पन मात्र) दिनांक 07.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP23 03280007 और<br>रु. 5,00,855/- (रु. पाँच लाख आठ सौ पचपन मात्र) दिनांक 07.05.2025 तक ऋण खाता नं. RSSDLLP23 06080002<br>ऋण धनराशि<br>रु. 1,15,00,000/- (रु. एक करोड़ पन्द्रह लाख) और<br>रू. 5,00,000/- (रू. पचास लाख मात्र) | संपत्ति नंबर 697, क्षेत्रफल एरिया 170 (70+100) वर्ग गज यानि 142 वर्ग मीटर, खासरा नंबर 40 में से, आवासीय गांव का एरिया मौजपुरिन आबादी की गली नंबर 16, आदर्श मोहल्ला, मौजपुर, दिल्ली - 110053.<br>उक्त सीमाएं:-<br>उत्तर: 20 फीट सड़क<br>दक्षिण: अन्य की संपत्ति<br>पूर्व: अन्य की संपत्ति<br>पश्चिम: अन्य की संपत्ति |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्द्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**

स्थान:- गौतम बुद्ध नगर, यू.पी.
दिनांक:- 26/05/2025

हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।

## कोरी समाज सम्मेलन का किया गया आयोजन

# समाज ने भाजपा को दिया पूर्ण समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में कोरी समाज द्वारा आयोजित भव्य सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य कोरी/ कोली/ जुलाहा समाज के जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही प्रशासनिक अड़चनों के विरोध में आवाज उठाना और समाज के सामाजिक, राजनी. तिक एवं आर्थिक अधिकारों पर मंथन करना था।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा अपना संदेश देने के लिए भेजे गए बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "कोरी समाज देश की प्रगति में एक मजबूत स्तंभ है। समाज की समस्याएं हमारी प्राथमिकता में हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को भी उसके अधिकार से वंचित न किया जाए।" उन्होंने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया।

कोरी समाज की बदौलत ही समाज बेहतर से बेहतर परिवेश में रहता है या यूं कहें इन्होंने ही हम सबको पहनना सिखाया। महापौर सुनीता दयाल ने अपने वक्तव्य में कहा, "गाजियाबाद नगर निगम कोरी समाज की सेवा और विकास हेतु सदैव तत्पर रहेगा। समाज की ऊर्जा और संगठित प्रयासों को मैं सलाम करती हूं।"

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, "भाजपा सदैव सामा. जिक न्याय की पक्षधर रही है और कोरी समाज की मांगों को पार्टी मंच पर पूरी ताकत से रखा जाएगा।"बविधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, "कोरी समाज की मेहनत, ईमानदारी और संघर्षशीलता हमें प्रेरणा देती है। मैं सदैव समाज के साथ खड़ा हूं और संसद में समाज की समस्याओं को पूरी ताकत से उठाऊंगा।

जाति प्रमाण पत्र सहित सभी मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार से संवाद किया जाएगा।" भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने कहा "यह सम्मेलन समाज की एकता और जागरूकता का प्रमाण है। सरकार समाज की हर उचित मांग को गंभीरता से ले रही है और हम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं।"

कोरी समाज के अध्यक्ष एडवोकेट लेखराज माहौर ने कहा, "आज हमने मंच से एक मांग पत्र सौंपा है जिसमें जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को दूर करने, आरक्षण से संबंधित विसंगतियों को समाप्त करने, तथा युवाओं को सरकारी नौकरियों में उचित भागीदारी देने की मांग की गई है। इसके साथ ही हम भाजपा को कोरी समाज की ओर से पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हैं।" सम्मेलन में अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें महापौर सुनीता दयाल, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, भाजपा प्रदेश संयोजक अजय शर्मा आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर आयोजक मंडल से उपाध्यक्ष चम्मा माहौर, कृपाल सिंह (पूर्व एजीएम), किशन सिंह माहौर, सुरेश कोरी, महामंत्री धनपाल सिंह कोरी, कोषाध्यक्ष लेखराज तंतवार (पूर्व डीजीएम), मंत्री राकेश कोरी, विजय माहौर, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी सहित अन्य समाजसेवी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूएसए में सम्मानित हुए नेहरू वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल तथा हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स के सह-संस्थापक निदेशक डॉ. अरुणाम सिंह को हिल्सडेल कॉलेज मिशिगन यूएसए में प्रतिष्ठित ग्लोबल एजुक. शन लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इंडिया-यूएसए ग्लोबल एजुकेशन लीडरशिप समिट 2025 के दौरान प्रदान किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और वैश्विक शिक्षा समुदायों पर उनके प्रभाव को मान्यता प्रदान की गई। यह पुरस्कार डॉ. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व को रेखांकित करता है।




जिन्होंने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर के 12 स्तर तक की नवीन शिक्षण विधियों, पीढ़ीगत सहयोग पर आधारित शैक्षिक वातावरण और प्रौद्योगिकी के समावेश से शिक्षा को नवीन राह देने में और प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हेल्दी प्लैनेट स्कूल्स में डॉ. सिंह ने भारत के सर्वोच्च रैंक वाले प्री स्कूल सिस्टम का नेतृत्व किया है, जो स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। वहीं उनके नेतृत्व में नेहरू वर्ल्ड स्कूल न केवल गाजियाबाद में प्रथम स्थान लेने में सक्षम बना बल्कि भारत के शीर्ष 10 स्कूलों में भी स्थान बना चुका है, जिसकी पहचान अकादमिक उत्कृष्टता, वैश्विक भागीदारी और नवाचारी शिक्षण संस्कृति से होती है।

यूएसए में अपने भाषण में डॉ. सिंह ने कहा, ष्यह सम्मान सहयोग की शक्ति और इस विश्वास को समर्पित है कि शिक्षा को बदलती दुनिया की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित होना चाहिए। चाहे वह हेल्दी प्लैनेट में बच्चों को पोषित करना हो या नेहरू वर्ल्ड स्कूल में किशोरों का मार्गदर्शन हो। हमारा लक्ष्य एक ही है कि हर बच्चे को जिज्ञासा, साहस और करुणा के साथ विकसित करना।' हिल्सडेल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के शिक्षा नेताओं ने शिक्षा के भविष्य को नवीन आकार देने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोणों पर भी चर्चा की।

ललित कलाओं और नागरिक शिक्षा के लिए समर्पित हिल्सडेल कॉलेज इस वैश्विक शैक्षिक नेतृत्व उत्सव के लिए एक उपयुक्त स्थान सिद्ध हुआ। डॉ. सिंह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं जैसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, ब्रिटिश काउंसिल और कैम्ब्रिज प्रेस एंड एसेसमेंट के सलाहकार भी हैं।

शिक्षा के लिए समर्पित डॉ. सिंह सदैव शैक्षिक सुधार, एडटेक और शिक्षक सशक्तिकरण पर निरंतर प्रयास करते रहते है।

# परमात्मा की भक्ति से ही जीवन के आवागमन से मुक्ति मिल सकती है: साध्वी मेरुदेवा भारती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन लाला गंगा सहाय जी धर्मशाला, गांधी बाजार, पिलखुवा, उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है स कथा व्यास साध्वी सुश्री मेरुदेवा भारती जी ने कथा के प्रथम दिवस 25 मई, 2025 - रविवार को देव ऋषि नारद जी के जीवन चरित्र के प्रसंग को भक्तों के समक्ष रखते हुए बताया कि देव ऋषि नारद ब्रह्म जी की रचना से उत्पन हैं। देव ऋषि नारद श्री भगवान के मानस अवतार कहे जाते हैं और नवधा भक्ति के आचार्य भी है। नारद जी का प्रधान कार्य भगवान का प्रचार व प्रसार है।

साध्वी जी ने कथा को आगे बढ़ते हुए राजा परीक्षित और सुखदेव के संबंध में भी बताया कि परीक्षित अभिमन्यु के पुत्र थे जिनको एक ऋषि की साधना भंग करने का श्राप लगा था कि उनकी 7 दिवस बाद नागराज तक्षक के काटने से मृत्यु हो जाएगी। उसी श्राप से मुक्ति पाने की तलाश में परीक्षित की भेट सुखदेव जी से होती है तब सुखदेव जी राजा को 'तुम हो कौन कहां से आए कहां है निज घर तेरा' का उत्तर देते हुए जीवन के लक्ष्य को स्पष्ट किया। उन्होंने जीवन का सार बताते हुए व मुक्ति पाने के लिए परीक्षित के समक्ष 7 दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का वाचन किया।

साध्वी जी ने बताया कि संसार की माया में फंसने के कारण ही देव ऋषि नारद को भी श्राप के कारण मृत्यु लोक पर रहना पड़ा और यश के मद में राजा परीक्षित को भी मृत्यु का श्राप सहना पड़ा। इसलिए संतों ने कहा कि यदि आप सुख पाना चाहते हो, तो वह संसार में नहीं बल्कि ईश्वर की प्राप्ति में मिलेगा। इसलिए संतो ने कहा कि यतन सब सुख के किए दु:ख का किया न कोई। तुलसी यह अचरज है अधिक अधिक दु:ख होए।

इसलिए सुख का स्त्रोत मात्र वह ईश्वर ही है। जब मनुष्य ईश्वर की प्राप्ति कर लेता है तो वह दु:ख में भी आनंद से रहता है। इसलिए यदि यह जीवन मिला है, यह मानव का तन मिला है तो इसे सार्थक कर लें। भक्त जनों ने संपूर्ण कथा को भावपूर्वक श्रवण किया। अनेकानेक माननीय अतिथि गण, पुलिस प्रशासन के अवसर आदि भी कथा में सम्मिलित हुए। अंत में प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिवस को विराम दिया गया।

## कविनगर जोन में महापौर ने 18 करोड के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

**गाजियाबाद।** मेयर सुनीता दयाल की कार्यशैली कुछ अलग ही है कही भूमि कब्जा मुक्त करती है तो कही बाहरी कूड़े को अपने शहर में आने से रोकती है और ऐसे हई शहर में विकास कार्यो को लगातार पंख दे रही है और इसी क्रम में आज कविनगर जोन के विभिन्न वार्डो में लगभग 18 करोड़ के विकास कार्यो का शिलान्यास किया है इतने कार्यो के शिलान्यास कर मेयर ने विकास की लहर ला दी है और इसके साथ साथ हर वार्ड में 1 करोड़ के विकास कार्य करवाने के निर्देश भी दिए है जिससे सभी वार्डो में विकास ही विकास दिखाई देगा। मेयर सुनीता दयाल ने शिलान्यास के दौरान सभी पार्षद एवं स्थानीय लोगो से कहा कि आपके यह सड़क व नाले का कार्य होगा आपको कुछ समय के लिए परेशानी होगी लेकिन भविष्य में बहुत अच्छा कार्य निकालकर आएगा और आप सब जागरूक नागरिक है ठेकेदार किसी भी प्रकार की बेकार सामग्री लगाता है या कार्य नई गुणवत्ता में लाप. रवाही करता है तो मुझे अवगत कराया जाए,तत्काल कार्यवाही की जाएगी विकास कार्यो की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और नगर निगम के भीतर अन्य जोन में भी जल्द ही शिलान्यास किए जाएंगे और सभी वार्डो में चौमुखी विकास दिखेगा।

## आप कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में किया श्रमदान

**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर जिला अध्यक्ष निमित यादव के नेतृत्व में रविवार को रचनात्मक कार्यक्रम अभियान के तहत श्रम दान कर सफाई अभियान चलाया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जिला एमएमजी अस्पताल पर सुबह से ही एकत्रित होना शुरू हो गए थे। जिला अध्यक्ष निमित यादव के साथ तमाम कार्यकर्ताओं गाजियाबाद के मुख्य जिला अस्पताल पर आम आदमी पार्टी के साथियों के साथ सफाई अभियान चलाया एवं आपातकाल वार्ड व जनरल वार्ड में जाकर मरीजों से व डॉक्टर से स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पाई गई कुछ त्रुटियां पर अस्पताल के चिकित्सकों से बात कर तुरंत उनका समाधान कराया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद

**पत्रांक: 399/न०पा०प०मु०/25–26** **दिनांक: 24/05/2024**

**:- अतिअल्पकालीक कोटेशन सूचना:**

नगर पालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा कराये जाने वाले विविध कार्यों हेतु दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार दिनांक:–28.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। कार्य निम्नवत है।

:- कार्य का विवरण :-

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | कोटेशन | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | निकाय के पम्प नं0–03 हेतु समरसेबिल केबिल की आपूर्ति कार्य। (दर प्रति मी०) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 2. | निकाय के पम्प नं०–03 पर स्थित जनरेटर की सर्विस/ मरम्मत किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 3. | वार्ड नं0–07 में स्थित मुल्ला जी वेल्डिग वाले की दुकान चुगीं नं0–02 से होते हुये रावली रोड़ पर स्थित वाटर कूलर तक पाईप लाईन का विस्तार कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 4. | एम०आर०एफ० सेन्टर पर आग बुझाने हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य (मय फायरहाइ्रेड वॉल्व फिटिंग सहित) किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 5. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु मुवेन्टो, बुग्गे व प्रशस्ती पत्र की आपूर्ति कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 6. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु टैन्ट की आपूर्ति किये जाने का कार्य। (साइज 15X15 दर प्रति टैन्ट) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 7. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु कुर्सी, भेज, साउन्ड की आपूर्ति किये जाने का कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 8. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु कूलर, पंखे, व 15एच०पी० जनरेटर की आपूर्ति किये जाने का कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 9. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु सुक्ष्म जलपान व भोजन आदि की व्यवस्था किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 10. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु खाने के पैकेट की आपूर्ति का कार्य। (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 11. | महिला सशक्तिकरण सम्मेलन हेतु महिला सफाई कर्मचारियों को गर्मी की वर्दी व जैकिट की आपूर्ति किये जाने का कार्य । (दर प्रति नग) | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 12. | एस०बी०एम० के तहत दो स्थानों जैसे:–Transfar Station एवं प्लान्ट की ड्राइग व डिजाइन एवं आगणन बनाये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |
| 13. | निकाय परिषद में स्थित मंन्दिर में फैबरिकेटिंग किये जाने का कार्य। | कोटेशन | रा0वि0आ0/नगर निधि |

1– उपरोक्तानुसार कार्यों हेतु दिनांक–28.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कोटेशन / सार्वजनिक आमंत्रित किये जाते है, जो तददिनांक को समय सायं 4.00 बजे कोटेशननदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीगण द्वारा खोली जायेगी। कोटेशनदाता चाहें तो कोटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकता हैं। यदि किसी कारणवश समक्ष स्तर के अधिकारी उस दिन उपस्थित नहीं रहते हैं तो किसी अन्य कार्य दिवस में भी कोटेशन खोले जा सकते हैं।

2– इच्छुक अधिकृत ठेकेदार / इन्जीनीयरिंग फर्म प्रस्तावित कार्य का अवलोकन कर अपनी–अपनी कोटेशन / दरें स्वंय उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

3– समय उपरान्त प्राप्त कोटशन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी कोटेशन को अमान्य किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरीगण में निहित होगा।

4– कोटशन स्वीकृत के उपरान्त 100/–रू० नान ज्यूडिशियल स्टाम्प / ई–स्टाम्प अनुबन्ध हेतु जमा करना होगा।

5– कोटेशनदाता/फर्म का जी.एस.टी. में पंजीकरण अनिवार्य है। जी.एस.टी, के अन्तर्गत आने वाली समस्त कटौतियां ठेकेदार/फर्म के बिल से नियमानुसार सम्बन्धित शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।

6– कोटेशन के साथ संलग्न अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर कोटेशन निरस्त कर दिया जायेगा तथा सम्बधिन्त फर्म/ठेकेदार को संविदा काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।

7– ऐसे कोटेशनदाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है, वह कोटेशन प्रकिया में भागीदार नहीं कर सकेंगें।

8– सशर्त कोटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा।

9– कोटेशन के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्याययिक क्षेत्राधिकारी जनपद गाजियाबाद होगा।

10– अन्य जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद मुरादनगर से कार्य समय एवं दिवस में प्राप्त की सकती है।

**( डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद**

**( श्रीमती छम्मी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद**

## कोर्ट मैरिज के बाद दहेज में मांगे 20 लाख

**साहिबाबाद।** कोर्ट मैरिज के बाद दहेज में 20 लाख मांगने का मामला प्रकाश में आया है। साहिबाबाद थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती से युवक ने कोर्ट मैरिज की। बाद में बरात लाकर विदा कराने की बात कही। मगर बरात लाने से पहले 20 लाख रुपये की मांग रख दी। पैसे न मिलने पर आरोपी उन्हें साथ रखने से इंकार कर दिया। शनिवार पुलिस ने आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से काफी समय से दोस्ती थी। जनवरी 2025 में आर्य समाज मंदिर में शादी कर कोर्ट मैरिज की। आरोपी व उसके परिजनों ने बरात लाकर विदा कराने की बात कही, जिसके लिए उनके पिता ने फार्म हाउस बुक कर दिया और लगभग सभी तैयारी हो गई थीं। 25 अप्रैल को बरात आनी थी। इससे ठीक पहले आरोपी व उसके परिजन 20 लाख रुपये मांगने लगे। पैसे न मिलने पर कहा कि वह उसे साथ नहीं रखेगा

## आम, लीची व नाशपाती के बागों में फसल बर्बाद होने पर

# मेरठ मंडलायुक्त से मिला रालोद प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अचानक आये तूफान से आम, लीची व नाशपाती के बागों में लगभग 80 प्रतिशत की फसल खत्म हो गई है। आम व लीची का किसान बर्बादी के कगार पर है। इसी समस्या को लेकर रालोद का प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडलायुक्त हृषीकेश भास्कर से चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल के नेतृत्व में मिला तथा इस भारी नुकसान वाली समस्या से उन्हें अवगत कराया।

उन्होंने तत्काल इसका सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कहा। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रणबीर दहिया प्रदेश सचिव, पतला चेयरमैन देवेंद्र सिंह, युवा रालोद के अध्यक्ष जयदीप सिंह, युवा रालोद के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी, आजाद सभासद व राजेन्द्र सिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** डॉ. अनिल राघव एम डी होम्योपैथिक व उनकी टीम के द्वारा पार्षद कुसुम गोयल व पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के सहयोग से निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प वार्ड नंबर 72 सेंट्रल पार्क, कौशाम्बी साहिबाबाद में लगाया गया। जहाँ डॉ अनिल राघव एम डी होम्योपैथी ने प्रकृति और हमारे शरीर का संबंध समझाते हुए प्रकृति के साथ व वर्तमान में जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित किया। कैम्प में विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बच्चे, बुजुर्ग तथा स्त्रियों को इलाज बताया व उसकी दवा दी गई।



बीमार मरीजों ने अपनी विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में चर्चा की। डॉ अनिल राघव एम डी होम्योपैथी ने मेरा गाँव, मेरा तीर्थ के भाव को रखते हुए कैम्प में आए हुए सभी मरीजों से यह आग्रह किया कि आप में से जो परिवार समृद्ध है वो अपने गाँव के किसी एक परिवार जो अपना भरण पोषण करने में असमर्थ है उनको गोद लें। सामाजिक बीमा. रियों, मानसिक बीमारियों और शारी. रिक बीमारियों को कैसे इलाज दिया जाएगा यह डॉ अनिल राघव ने बड़े विस्तार के साथ समझाया तथा हम बीमार क्यों होते है, हम बीमारियों से ठीक कैसे होते है, इस विषय को डॉ अनिल राघव ने समाज के सामने विस्तृत जानकारी देकर बताया।

हम बीमार ही ना हो इस विषय को गंभीरता से डॉ अनिल राघव ने समाज के सामने प्रस्तुत किया और कहा कि बीमारी की रोकथाम इलाज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। कैम्प में 164 मरीजों को दवा दी गई।

इस कैम्प के अंदर सुनील गांधी, राकेश कुमार जाखेटिया, दीपक गुप्ता करवा के अध्यक्ष अजीत सिंह महासचिव विनय महेश्वरी जयपुरिया के अध्यक्ष के एल सचदेवा, गौरव वर्मा मनीष जैन अनुज अग्रवाल राजेंद्र गोयल वरिष्ठ अधिवक्ता कै सी कौशिक हिमांशु गौड अजय गुप्ता, एस आर सिंह नरेंद्र डॉ जे सी त्रिपाठी आनंद शर्मा तारा यादव राधा रमन सिंह नवीन कुमार चौधरी राहुल गौड डॉ जे के सिंह अंकित शर्मा देवराज शर्मा जसपाल सिंह विजय कुमार राहुल रेनू मल्होत्रा बबीता नेगी सुषमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संभल में युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

## सम्भल के सराय चौक पर टहले रहे युवक को अचानक केंटर ने मारी टक्कर, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के एक 45 वर्षीय युवक की सम्भल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को गांव लाया गया जहां गमगीन माहौल में उसका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है।

ढिकोली निवासी 45 वर्षीय अजित पुत्र मलखान सिंह सम्भल में एक कपड़े की एक्सपोर्ट कम्पनी मे काम करता था। वह वही किराये के मकान मे पत्नी और बच्चों के साथ रहता था शुक्रवार शाम वह सम्भल के सराय चौक पर टहले गया था जहां एक केंटर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सूचना मिलते ही ढिकोली से उसके परिजन वहां पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव ढिकोली गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में लगे है।



मृतक का फाइल फोटो




# जलभराव में बाइक सवार युवक व बच्चा डूबने से बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शनिवार की रात हुई बारिश के बाद रेलवे अंडरपास में करीब 8 फुट पानी भर गया। जलभराव में एक बाइक सवार युवक और उसके साथ बैठा बच्चा डूबने से बच गए। युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह बाइक निकालकर अपनी और बच्चे की जान बचाई।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जलभराव की वजह से कई अन्य वाहन भी फंस गए। चालकों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी विनोद, अनिल और राजेंद्र ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद रेलवे अधिकारी इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर पा रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब अंडरपास में जलभराव से लोगों की जान खतरे में पड़ी है। डेढ़ साल पहले बड़का रेलवे अंडरपास में बाइक डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी। बड़ौत-बिनौली रेलवे क्रक्रसिंग पर बने इस अंडरपास में हर बारिश के दौरान पानी भर जाता है। रेलवे विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



# बडौत धर्म नगरी के जैन मंदिर में मनाया भगवान शांति नाथ मोक्ष दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कैनाल रोड बडौत पर भगवान शांतिनाथ के जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक के अवसर पर चल रहे त्री दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 24 मई दिन शनिवार रात्रि में आर्यिका विकक्षाश्री ससंघ के सानिध्य में णमोकार मंत्रदीपार्चना की गयी। शांतिधारा के मत्रोचार आर्यिका ज्ञाताश्री एवं आर्यिका ज्ञप्तज्ञश्री के द्वारा किए गए तत्पश्चात डा. श्रेयांश जैन के मार्गदर्शन में शांति विधान का आयोजन किया गया, जिसमें 150 सौधर्म इंद्र का सौभाग्य वीरेंद्र जैन (पीन्टी) किताबो वालों को प्राप्त हुआ। विधान में लगभग 150 पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिनाथ मंदिर कमेटी का योगदान रहा। इसी क्रम में रात्रि में पाठशाला के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सोमवार को प्रात: बजे भगवान की पालकी यात्रा हर्सोल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी।



# बारिश व आंधी तूफान से फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बारिश और तूफान के चलते जहां सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल गिरने से भी आम ठेकेदारों को नुकसान हुआ है। शनिवार देर रात आयी तेज बारिश और आंधी तूफान के चलते किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के चलते जगह जगह जलभराव की स्थिति बन गयी है। वही सब्जी की फसल लोकी, खीरा, टमाटर, तुरंई आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि सब्जी की फसल पर बना फूल बारिश के चलते खराब हो गया है जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। वही रटौल के आम बागानों को भी नुकसान पहुंचा है। आधीं के चलते दूसरी बार फिर पेड़ो के कच्चा आम गिर गया है। किसानों ने बताया किी आम की फसल को अबकी बार भारी नुकसान हुआँ जिससे किसान और आम बागान ठेकेदार परेशान है।





## एक नजर

### दो बाईक सवार युवक घायल उपचार के दौरान एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल-ढिकोली मार्ग पर नाले के समीप अनियंत्रित होकर बाईक फ़िसलने से दो युवक घायल हो गये जिन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत गम्भीर बनी हुई है।

रटौल निवासी 35 वर्षीय शाहनवाज पुत्र आसू व 55 वर्षीय शाहिद पुत्र करमू किसी कार्य से खेकड़ा बाईक द्वारा गये थे जब वह वापस ढिकोली रटौल मार्ग से आ रहे थे तो वह गंदे नाले के समीप पहुंचे जहां उनकी बाईक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे दोनों युवक घायल हो गये। राहगीरों ने देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। मौकें पर पहुंचे परिजन उन्हें रटौल चिकित्सक के यहा लेकर पहुंचे जहां से उन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शाहनवाज की मौत हो गयी। मौत का पता चलते ही परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। वही कस्बें के लोग शव लेने के लिए अस्पताल के लिए रवाना हो गये जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जायेगा मौत के बाद कस्बें मे मातम का माहौल है।

### प्रधान के हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर पर घोषित होगा 50 हजार का इनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसली गांव के प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा में फरार हिस्ट्रीशीटर आयुष पर जल्द ही पचास हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया जाएगा। इसमें एसपी सूरज कुमार राय ने पचास हजार रुपये के इनामी की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उधर पुलिस ने हरिद्वार समेत कई जगहों पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी, लेकिन हाथ नहीं आए। सिरसली गांव में पांच दिन पहले चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा की हिस्ट्रीशीटर आयुष ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से छह गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसमें गोली लगने से सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे विनीत भी घायल हो गया था। इसमें मृतक प्रधान के भाई गजेंद्र ने हिस्ट्रीशीटर आयुष, उसके भाई अर्जुन, दादा निर्भय सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने फरार हत्यारोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर आरोपी निर्भय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद हत्यारोपियों को शरण देने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि फरार हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी की तलाश में दबिश दी जा रही है। आयुष पर पचास हजार रुपये इनाम की संस्तुति कर रिपोर्ट भेज दी गई है। उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद इनाम की घोषणा की जाएगी।

### आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज लग रहा चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार की देर रात आई बारिश तेज गति के साथ आंधी तूफान ने बरपाया। क्षेत्र में आम की फसल को हुआ भारी नुकसान 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी तूफान आया हालांकि मौसम विभाग ने आंधी तूफान की पहले से ही चेतावनी दी थी। आंधी और तूफान तेज हवा एन चलने से क्षेत्र में विद्युत विभाग को भी रोजाना भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से क्षेत्र में विद्युत खंबे खम्बो से मिटर उखड़ जाना तार टूट कर गिर जाना यह भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खेलना पड़ रहा है। आंधी तूफान से विद्युत विभाग को हर रोज चूना लग रहा है। भारी बारिश के चलते दर्जनों गांव में जल भराव हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन दिन तक रात में फिर दोबारा से आंधी तूफान ओलावृष्टि बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में व्यापारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा महाराजा अग्रसेन स्कूल से शुरू हुई। इसके बाद ठाकुरद्वारा मंदिर, मिडिल स्कूल, रठौडा तिराहे से होते हुए जैन धर्मशाला पहुंची। जहां पर शहीदों को श्रद्धांजलि की दी गई। युवा व बुजुर्ग हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम् व भारत माता की जय के जयघोष लगा रहे थे। सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवाद को मुहंतोड़ जवाब दिया। इस दौरान व्यापार मंडलाध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव मोनू जैन, राजीव जैन, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर, दिनेश बंसल मौजूद रहे।

### क्रिकेट में कलाम हाऊस ने ध्यानचंद हाऊस को 12 रनों से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल बिनौली में चल रहे ग्रीष्म कालीन समर कैंप में चौथे दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्रिकेट में कलाम हाऊस ने ध्यानचंद हाऊस को 12 रनों से हराया। वॉलीबॉल में भगत हाऊस ने मदर टरेसा हाऊस को 25-22 के अंतर से हराया। बास्केट बॉल में मदर टरेसा हाऊस ने ध्यान चंद हाऊस को 22-18 से पराजित किया। विजेता हाऊस के खिलाड़ियों का चेयरमैन यतेश चौधरी, डायरेक्टर डा.शिवानी चौधरी, प्रधानाचार्या मीनू सिरोही ने पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में अनुभव पूनिया, मनीष सोलंकी, गौरव धामा मौजूद रहे।

**नीलामी सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 28/05/2025 को समय 14.00 बजे कोतवाली बागपत पर मुकदमो/लावारिश/एमबीएक्ट से सम्बन्धित कुल-69 दो पहिया व चार पहिया व तीन पहिया वाहनो की नीलामी किया जाना प्रस्तावित है। नीलामी में सम्मिलत होने हेतु कोतवाली बागपत पर पहुंचने का कष्ट करें।

# बैठक में 35 लाख रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद की नगर पंचायत दोघट में शनिवार को महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक आयोजित की गई। चेयरपर्सन संगीता पंवार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 35 लाख रुपए के विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। नियमित रूप से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव और फॉगिंग कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही सफाई उपकरणों की खरीद और वाहनों की मरम्मत का प्रस्ताव भी पास किया गया। पेयजल व्यवस्था के सुधार के लिए खराब हैंडपंप की मरम्मत और पेयजल लाइन की लीकेज की समस्या को दूर करने का निर्णय लिया गया। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई का प्रस्ताव भी पारित हुआ। राज्य वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली धनराशि से सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण का काम किया जाएगा। बैठक का संचालन डिप्टी कलेक्टर और अधिशासी अधिकारी अमरचंद वर्मा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार के साथ विभिन्न वार्ड के सभासद मौजूद रहे।



# जंगल में तेंदुए ने आवारा बछड़े को बनाया अपना शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत में स्थित हिम्मतपुर सूजती गांव के जंगल में तेंदुए ने एक आवारा बछड़े को अपना शिकार बना लिया। तेंदुए ने खेत में काम कर रहे किसान नरेश और जयवीर पर भी हमला करने का प्रयास किया। दोनों किसान शोर मचाते हुए गांव की तरफ भाग गए।

ग्रामीणों के अनुसार कई दिनों से जंगल में तेंदुआ दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पूरे दिन जंगल में कांबिंग की, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिला। डिप्टी रेंजर मोहम्मद तालब और वन रक्षक संजय कुमार ने बताया कि हिम्मतपुर सूजती के जंगल में तेंदुए की तलाश की जा रही है। सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों को जंगल में सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।



# परवेज मुशर्रफ के परिवार की जमीन के मालिक बने बड़ौत व गाजियाबाद के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के भाई व परिवार की जमीन के बड़ौत के पंकज ठेकेदार व मनोज गोयल और गाजियाबाद के जेके स्टील मालिक बन गए। कोताना में मौजूद उनकी शत्रु संपत्ति घोषित हो चुकी करीब 13 बीघा जमीन को इन्होंने 1.38 करोड़ रुपये में खरीदा था। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय लखनऊ से पर्यवेक्षक प्रशांत सैनी ने शनिवार को बड़ौत तहसील में पहुंचकर जमीन के बैनामे कराए।

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का परिवार वर्ष 1943 में कोताना से दिल्ली जाकर रहने लगा था और उनका परिवार वर्ष 1947 में बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया था। मगर उनके परिवार की हवेली व खेती की जमीन कोताना में मौजूद थी। इसमें से परवेज मुशर्रफ की जमीन बेच दी गई थी तो उनके भाई डा. जावेद मुशर्रफ व परिवार के सदस्यों की जमीन को पंद्रह साल पहले शत्रु संपत्ति में दर्ज कर दिया गया था। इसके बावजूद जमीन की पहचान इनके नाम से होती है। इसमें से बांगर की करीब 13 बीघा शत्रु संपत्ति की नीलामी शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय लखनऊ ने सितंबर 2024 में कराई गई। यह कई खसरों में होने के कारण अलग-अलग बोली लगाकर बड़ौत के पंकज ठेकेदार व मनोज गोयल और गाजियाबाद की जेके स्टील के नाम खरीदी गई। इसके रुपये जमा कराने के बाद शनिवार को बैनामा कराने के बाद इन तीनों के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अब इस जमीन से मुशर्रु के परिवार का नाम पूरी तरह से खत्म हो गया। कोताना में कुछ शत्रु संपत्ति खादर तो कुछ बांगर के रिकॉर्ड में दर्ज है। इनमें फिलहाल बांगर की संपत्ति की नीलामी कराई गई है। खादर की शत्रु संपत्ति की नीलामी की प्रक्रिया होनी बाकी है। इसके लिए संपत्ति के आधार मूल्य के लिए सर्वे किया जाएगा और उसके बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा का कहना है कि भारत सरकार के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय से संपत्ति लेने वाली तीन फर्मों ने रुपये जमा करा दिए थे। इन तीनों के नाम जमीनों के बैनामे शनिवार को कराए गए।



# कांग्रेसियों ने की संगठन सर्जन समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर संगठन सर्जन समीक्षा बैठक कार्यक्रम किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि बडौत बागपत को आर्डिनेटर डा.संजीव शर्मा व को आर्डिनेटर सतेन्द शर्मा का कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शहर से लेकर गांव तक मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राम हरि पवार ने कहा कि शहर में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ अपना कार्य कर रही है। शहर के व्यापारियों गरीबों मजदूर किसानों के साथ शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष दिन रात सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसने की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अपनी 24 घंटे सेवा दे रही है। कांग्रेस पार्टी सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रही है। पदाधिकारियों को पुरी द्रढता कर्मठता के साथ 100 दिन संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जायेगा। सभी वार्डो पर वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी देवेन्द्र चौहान उपाध्यक्ष आशु डा.सुभाष शर्मा निशान्त चौधरी गोरव धनकड शिवम कश्यप देवेन्द्र शर्मा औमवीर सिंह नन्द राम पप्पू प्रवीण रूहेला राकेश शर्मा बाबू औकार दत्त प्रदीप आदि रहे।

# कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भारती त्यागी का फूलों से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर उर्मिला सिंह के प्रतिष्ठान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश जॉन कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भारती त्यागी का फूलों की मालाओं के साथ नगर आगमन पर स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ मालाऐं पहनकर बागपत कांग्रेस की कमेटी की महिलाओं ने रविवार को उनका स्वागत दिल्ली बस स्टैंड पर किया। इसके उपरांत जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जनपद बागपत बडौत नगर निवासी उर्मिला सिंह को जिला अध्यक्ष बागपत बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश जॉन कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भारती त्यागी ने कहा कि जनपद बागपत में महिलाएं एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करें गांव-गांव जाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं कांग्रेसपार्टी की नीतियों से अवगत करायें। कांग्रेस सभी वर्गो को एक साथ जोड़कर चलने का काम कर रही है। गरीबों मजदूरों व्यापारियों किसानों का हित आज भी कांग्रेस में ही सुरक्षित है। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि पार्टी की नीतियों को बरकरार रखते हुए गांव-गांव में जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर निधि चौधरी सलमा चौधरी शगुन देवी अनु देवी तबस्सुम चौधरी राजेश देवी सविता देवी एडवोकेट बबीता सैनी खुशबू चौधरी राखी चौधरी मोनू चौधरी कांति चौधरी लक्ष्मी देवी आरती देवी सुमन देवी आदि महिलाओं ने बैठक में भाग लिया।



# कैनाल रोड़ पर पिलखन का पेड़ मकान पर गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में कैनाल रोड पर बड़ा पिलखन का पेड मकान पर गिरा। डा. राजेश मलिक के हॉस्पिटल के बाहर नहर किनारे एक बडा पिलखन का खड़ा था जो तीन दिन पहले आये तुफान मे हिल गया था, जिसकी सूचना एसडीएम बडौत, चैयरमेन नगर पालिका, सभासद नीतू राठी एवं वन विभाग के अधिकारियों को दी गयी थी, परन्तु किसी ने भी ध्यान नही दिया।

वहीं दूसरी और रविवार को सुबह सवा छ बजे के करीब एक पेड प.जयपाल शर्मा के मकान पर गिर गया, जिससे मकान क्षति ग्रस्त हो गया। पेड मकान की रैलिंग, बाथरूम, कमरा, लैंटर को नुकसान करते हुये नीचे दरवाजे को तोडते हुए घर मे घुसा मकान मालिक जयपाल का कहना हादसा लापरवाही के कारण हुआ है जबकि पहले ही सुचना दी गयी थी जब पेड गिरा सभी घर के अंदर पिछली तरफ थे जिस कारण बच गऐ मकान में लाखो का नुकसान हुआ है। पेड ने बिजली की लाईन को भी तोड़ दिया। बिजली सपलाई बंद होने से रामा कॉलोनी वाले पानी को भी तरस गए। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना है कि विद्युत विभाग को नुकसान हुआ है। कर्मचारी लग गए हैं बिजली शाम छ बजे के बाद ही चालू हो जाएगी।



# चोरों ने की सोने चांदी के आभूषण समेत लाखों की नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के परमेश्वर धाम कॉलोनी में बंद पड़े मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे। लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण समेत नगदी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार को जब चोरी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार परमेश्वर धाम कॉलोनी में रहने वाले सुनील पुत्र रामजीलाल अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर बहन की मौत में गए हुए थे। बीती रात चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर की अलमारी में रखें करीब 2 लाख 65 हज़ार रूपये की नगदी और करीब 8 लाख रूपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार जब घर पहुंचा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित परिवार की माने तो घर में रखें लाखों रूपये के सोने चांदी के आभूषण समेत नगदी गायब थी। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना देहात प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।






# दबंगों के डर से पलायन को मजबूर पीड़ित परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह रोड पर पानी की टंकी के पास न्यू शिवगढ़ी में दबंगो के खौफ से पीड़ित परिवार पलायन करने को मजबूर है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले कुछ दबंग उसके मकान को अवैध रूप से कब्ज़ाने का दबाव बना रहे है। मकान खाली न करने पर दबंग आए दिन परिवार के साथ मारपीट करते हैं। पीड़ित शौकीन ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शनिवार को समय करीब 1:30 बजे पीड़ित का 11 वर्षीय बेटा जीशान सामान लेने के लिए अपने घर से दुकान पर गया था। तभी पीड़ित परिवार से रंजिश रखने वाले सलीम, वकील और शकील ने उसके नाबालिक बेटे को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि दबंग उसके नाबालिक बेटे को उठाकर एक खाली पड़े प्लॉट में ले गए और वहां उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने नाबालिक बच्चों को धमकी दी कि अगर तेरे पिता ने अपना मकान हमारे नाम नहीं किया तो तुम्हें इसका भारी अंजाम भुगतना पड़ेगा। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि अगर दबंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह परिवार समेत पालयन करने के लिए मजबूर होगा।



# एमआईयू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा परिणाम लाने पर एमआईयू इंटर कॉलेज दौताई के छात्र छात्राओं को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एमआईयू इंटर कॉलेज की छात्रा सानिया ने 88.40 प्रतिशत नंबर हासिल कर पांच वा स्थान लिया है। जिला जज और बुद्धि-जीवियों ने होनहार छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रौशन कर रही है।

गढ़मुद्रेश्वर क्षेत्र के गांव दौताई में स्थित एम.आई.यू इंटर कॉलेज में इस वर्ष हाईस्कूल और इंटर मीडिएट परीक्षा में अच्छा परिणाम हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को अतिथि के रूप आए जिला जज अहमद उल्लाह, महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज की ट्रस्टी रेणुका सिंह, समरिन, एडवोकेट बाबर अली, प्रोफेसर सदाकत अली ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जिला जज अहमद उल्लाह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं में अपनी प्रतिभा है, जज्बा है। अच्छा स्थान हासिल करने के लिए, लेकिन अभिभावक और संसाधन के अभाव में इन छात्र छात्राओं को मौका नहीं मिलता है। प्रिंसिपल हाजी इशरत अली ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में इस्मी पुत्री जावेद अली 78.33 प्रतिशत, जैद पुत्र सगीर 75.16 प्रतिशत, इल्मा पुत्री मोहम्मद फरमान 73.50 प्रतिशत व इंटर मीडिएट परीक्षा में सानिया पुत्री सलीम ने 88.40 प्रतिशत हासिल कर कॉलेज टॉप के साथ जनपद हापुड़ में पांच वा स्थान हासिल किया है,जबकि फरहीन पुत्री तमशीर खान 820.40 प्रतिशत, अलीशा पुत्री शकील अहमद 78. 20 प्रतिशत नंबर हासिल कर दौताई के साथ साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस मौके पर प्रबंधक हाफिज मुजम्मिल हयात, मौलाना मनव्वर, राव इकबाल, हाजी सदाकत अली, पहलवान राशिद अली, मौलाना अशरफ अली, मौलाना अय्यूब अली, डा. शोएब, एडवोकेट शकील, ठेकेदार वाहिद अली, हाफिज मनफत हयात, इकूतेदार अली खान, सागर अबरार आदि मौजूद रहें।




# अंबेडकर लिखा बोर्ड उखाड़ने पहुंचा बुलडोजर, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर लिखें बोर्ड को नगर पालिका के बुलडोजर द्वारा उखाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेश. पुरा में नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा बुलडोजर चला कर बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के बोर्ड को उखड़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद दलित समाज में रोष व्याप्त है। दलित समाज के लोगों का कहना है कि नगरपालिका के बसपा के अध्यक्ष और अधिशासी अधिक. ारीयों द्वारा कृत्य निंदनीय है। उन्होंने संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ इस मामले को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है।



# आरपीएफ के आईजी ने हापुड़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरपीएफ के आईजी ने हापुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण हापुड़ रेलवे सुरक्षा बल के आईजी पंकज गंगवार हापुड़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन के आरपीएफ थाने का निरीक्षण किया। आईजी ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने सीसीटीवी, अभिलेख आदि की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को लंबित मुक. दमों का गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने के अभिलेख, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, हथियार आदि का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित को आवश्य दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी पंकज गंगवार ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। आईजी ने इस दौरान साफ सफाई को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आईजी के निरीक्षण से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा रहा।



# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत हापुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक अवनीश काजला, पौरुष शर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने की। इस अवसर पर प्रस्तावित जिला कांग्रेस कमेटी हापुड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा सभी फंटल संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के पुनर्गठन, तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर व्यापक चर्चा करना था। अवनीश काजला ने पदाधिकारियों को संबो. धित करते हुए अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत बनाकर ही पार्टी को नए आयाम दिए जा सकते हैं। बैठक में जिला समन्वयक पौरुष शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी है। बैठक के दौरान अनेक सुझाव और योजनाएं प्रस्तुत की गई, जिनका शीघ्र क्रियान्वयन किया जाएगा। समस्त प्रतिभागियों ने संगठन को नई ऊर्जा देने और कार्यकर्ताओं में समन्वय बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## एक नजर

### 10 लीटर कच्ची शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने नगर के मेला मार्ग पर गश्त के दौरान एक युवक को प्लास्टिक की कैन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से मिली कैन में 10 लीटर शराब थी। आरोपी नयागांव निवासी रुपेश है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवई शुरू कर दी है।

### अभद्रता करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** गांव बक्सर निवासी मुरारी लाल ने बताया कि उसने अपने पैतृक भूमि को बेच दिया है। उसको बेचे हुए कई साल बीत चुके है। उसके बाद भी उसके भतीजे उससे रंजिश रखते है और दिन किसी न किसी बात को लेकर झूठी शिकायत करते है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर भतीजो पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### होटल कर्मी ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रा नगर निवासी मोहित ने बताया कि उसका दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर होटल है। उस पर उसने होर्डिग लगाए हुए है। पीड़ित ने बताया कि उसके होर्डिंग को पड़ोसी होटल कर्मी ने फाड दिए। पीड़ित ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### किसान के नलकूप से सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर निवासी किसान चौधरी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह खेत पर नलकूप का ताला लगाकर घर आ गया था। ग्रामीण ने सूचना दी की नलकूप का ताला टूटा हुआ है। पीड़ित मौके पर पहुंचा तो देखा कि चोर नलकूप से मोटर स्टार्टर, केबिल समेत अन्य कृषि यंत्र चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसका पड़ोसी युवक आए दिन उसको परेशान करता आ रहा है। आरोपी ने कई बार उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व भीआरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के शिकायती पत्र पर एसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं है।

### जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुकतेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि बहादुरगढ़ के गांव पलवाड़ा के जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची गई।

# गढ़मुक्तेश्वर पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, सुनी मन की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को गढ़मुद्रेश्वर स्थित शगुन फार्म हाउस में स्क्रीन लगाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 122 वां एपिसोड प्रसारित किया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात देश की जनता के साथ साझा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शगुन फार्म हाउस पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122 वे एपिसोड को सुना। कार्यक्रम सुनने के बाद भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पिछले 11 वर्षों से हम सभी को संबोधित कर रहे हैं और देश के सामाजिक, राजनीतिक आर्थिक और हमारे देश से जुड़ी सुरक्षा के विषय हैं। उन पर मन की बात के माध्यम से देश के लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार हमारी सेना और सुरक्षा बलों ने हमारे देश के संकल्प को पूरा किया और पाकिस्तान के प्रति और आतंकवादियों के प्रति जो हमारी नीति है। उसका कठोरता से पालन किया और बड़ी संख्या में सेना की कार्यवाही में आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकानो को नष्ट किया गया। यह निश्चित रूप से एक बड़ी कार्यवाही है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से तिरंगा यात्र के माध्यम से अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के साथ खड़ा है। अपनी सेना के साथ खड़ा है इसकी चर्चा भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। उन्होंने कहा कि आगामी 21 तारीख को योग दिवस को लेकर भी चर्चा की गई और आत्मनिर्भर और स्वच्छ भारत के तहत जो भी कार्यक्रम चल रहे हैं जिससे जनता को निश्चित रूप से विकसित भारत बनाने में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो संकल्प है। उसकी तरफ आगे बढ़ रहे हैं। सारे विषयो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के माध्यम से हम सबको संबोधित किया है।



# पुलिस ने टॉप 10 हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुद्रेश्वर पुलिस ने एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया वारंटी थाना गढ़मुद्रेश्वर का टॉप 10 हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है।

गढ़मुद्रेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुद्रेश्वर पुलिस द्वारा न्यायालय से गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी को नेचर पैराडाईज नर्सरी के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया। वारंटी रुपेश उर्फ रुपेन्द्र पुत्र निरंजन निवासी ग्राम नयांगाव इनायतपुर थाना गढ़मुद्रेश्वर जनपद हापुड गढ़मुद्रेश्वर का टॉप 10 हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इसके खिलाफ थाना गढ़मुद्रेश्वर पर आधार दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार किया गया। बदमाश न्यायालय से गैंगस्टर एक्ट के मामले में गैर हाजिर चल रहा था, जिसके विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

# द्वितीय दिवस में सुखदेव के जन्म की कथा का हुआ श्रवण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रीरामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ के तत्वावधान में सनातन धर्म सभा कोठी गेट हापुड़ में चल रही श्रीमद् भागवत की पावन कथा में द्वितीय दिवस में सुखदेव के जन्म की कथा का श्रवण हुआ, जिसमे मुख्य यजमान बबिता गुप्ता धर्मपत्नी रविन्द्र गुप्ता प्रधान श्रीरामलीला समिति उपस्थित रहें। कथा के दौरान परम पूज्य श्रधेय पवन देव चतुर्वेदी व्यास महाराज धाम वृंदावन से पधारे और उनके श्रीमुख के द्वारा सुखदेव के बारे में बताया गया कि वेद व्यास के प्रिय पुत्र सुखदेव महाराज हुए जिन्होंने राजा परीक्षित को श्राप लगने से मुक्ति करने के लिए साप्ताहिक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत की कथा का श्रवण कराया।

तत्पश्चात महाभारत में पांडवों के चरित्र को दर्शाया जहां पर परीक्षित के जन्म की कथा का उद्देश्य बताया गया कि पांडवों के घर में जब कोई भी संतान नहीं बची अश्वत्थामा के द्वारा महाभारत के युद्ध में द्रोपदी के पांचो पुत्रें को मार दिया गया। तत्पश्चात अश्वत्थामा को दंडित किया गया और जीवन दान दे दिया गया क्योंकि वह गुरु पुत्र था इसीलिए और ब्राह्मण दंड के योग्य नहीं होता था। उस समय के विधान के अनुसार इसलिए उसको मुक्त कर दिया गया। जीवित छोड़ दिया गया अब अभिमन्यु और उत्तरा द्वारा जो एक पुत्र हुआ था जिसका नाम था महाराज परीक्षित वह पृथ्वी के सम्राट थे और सम्राट होने की नाते वह पूरी पृथ्वी का भ्रमण करते थे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर किसी को भी राजनीति नहीं करनी चाहिए: शेरवानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सलीम इकबाल शेरवानी बागपत पहुंचे जहां उन्होंने मवीकला गांव स्थित रिसोर्ट में कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की PDA कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की गई। पीडीए चौपाल के माध्यम से समाजवादी पार्टी निरंतर प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक समाज तक पहुंचने का काम कर रही है और सर्व समाज को जोड़ने के साथ समाजवादी पार्टी का नारा सफल कर रही है।

कार्यक्रम में बागपत पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव सलीम इकबाल ने शनिवार को कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने और सर्व समाज को जोड़ने के बाद समाजवादी पार्टी को बनाने की बात कही है। उनका कहना है कि सर्व समाज को जोड़कर ही समाजवादी पार्टी का गठन हुआ है और सर्व समाज की पार्टी सिर्फ समाजवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी आगे आने वाले चुनाव में भी अन्य दलों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। वहीं उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी और सहयोगी दलों ने किस तरह से मजबूत आई दिखाई है। इसी को 2027 में भी आगे बढ़कर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी। वहीं उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेवा ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हम ऑपरेशन सिंदूर पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने पहलगाम की घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगना चाहिए। हमारी सेना एक मजबूत सेना है जो दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करती है और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सुना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर पर उन्होंने खुला समर्थन सरकार को दिया है। समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर किसी को भी राजनीति नहीं करनी चाहिए। राजनीति के लिए बेरोजगारी शिक्षा चिकित्सा बहुत सारे मुद्दे हैं जिन पर राजनीति हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर पर किसी को भी राजनीति का हक नहीं है। हमारी सेवा मुंहतोड़ जवाब दुश्मन को देने का काम कर रही है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादवश प्रदेश सचिव संजीव त्यागी मनोज यादव राजेंद्र यादव राहुल यादव विपिन कुमार इकबाल सलीम सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। केंद्रीय बिहार गोल चक्कर से सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन की तरफ चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार बदमाश दिखाई दिए। पुलिस के रुकने का इशारा करने पर वे भागने लगे।

पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नौशाद उर्फ टोला को गोली लग गई। नौशाद मोरना, थाना सेक्टर-24 नोएडा का रहने वाला है। उसके पास से .32 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। दूसरे बदमाश तरुण को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। वह भी मोरना, थाना सेक्टर-24 नोएडा का रहने वाला है। उसके पास से स्नैचिंग किया हुआ मोबाइल फोन और स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई है।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला के अनुसार, दोनों शातिर स्नैचर हैं। ये बाइक पर सवार होकर स्नैचिंग करते थे।

घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## सैनिकों के साहस को नमन किया

**नोएडा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रविवार को रबूपुरा नगर पंचायत ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे के लोग शामिल हुए। इस दौरान वीर सैनिकों के साहस को नमन किया गया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी घटना का बदला मां भारती के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के घर में घुसकर लिया। ऐसे वीर सपूतों के साहस को हम सबको नमन करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि हर दिल में देशभक्ति की भावना और हाथों में लहराता तिरंगा, यह यात्रा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त करती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक राज नागर, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान आदि उपस्थित रहे।

# शाहबेरी में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के शाहबेरी गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में एक निर्माणाधीन इमारत पर काम कर रहे 30 वर्षीय मजदूर की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के छपरा जिले के दाउ. दपुर थाना क्षेत्र के रूसी गांव निवासी राकेश यादव के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, राकेश यादव निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवी मंजिल पर प्लास्टर कार्य से पहले दीवारों पर पानी का छिड़काव (तराई) कर रहा था। उसी दौरान निर्माणाधीन स्ट्रक्चर के लिए लगाई गई कंस्ट्रक्शन लिफ्ट अचानक पास से गुजर रहे हाइटेंशन तार के संपर्क में आ गई। लिफ्ट में करंट फैल गया और राकेश उसकी चपेट में आ गया। करंट लगने से वह संतुलन खो बैठा और पांचवी मंजिल से नीचे गिर गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य कामगारों ने आनन-फानन में उसे पास के वृंदावन अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बिसरख थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के बाद जांच की जाएगी।

**अवैध निर्माण कार्य पर उठे सवाल:** इस दर्दनाक हादसे ने शाहबेरी क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां निर्माण कार्य पर रोक है। बावजूद शाहबेरी गांव लंबे समय से अवैध बिल्डिंग निर्माण के लिए कुख्यात रहा है।

जहां अक्सर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है। कई इमारतों में न तो मजदूरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते हैं। न ही निर्माण कार्य के लिए बिजली जैसे खतरनाक संसाधनों के इस्तेमाल के दौरान कोई एहतियात बरती जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और बिजली विभाग को हाइटेंशन तारों के पास चल रहे निर्माण कार्यों पर निगरानी रखनी चाहिए और ठेकेदारों को सुरक्षा मानकों के तहत काम करवाना चाहिए।

# सोसाइटियों को नोटिस, रेस्तरां-होटल के कूड़े को भूला प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण की योजना पटरी पर नहीं आ पा रही है। इसके पीछे बड़ा कारण गीला कूड़ा और उसके बड़े उत्पादक हैं। अगस्त-2020 में नोएडा अथॉरिटी ने यह नियम शहर में लागू किया था कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर अपने यहां से निकलने वाले गीले कूड़े का निस्तारण परिसर के अंदर ही प्लांट लगाकर करेंगे। लेकिन इनमें से नोएडा प्राधिकरण ने इस बार सिर्फ सोसाइटियों का कूड़ा देखा है। 117 सोसाइटियों को नोटिस जारी कर निस्तारण के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। वहीं बाकी बड़े कूड़ा उत्पादक होटल, रेस्तरां, कंपनी, गेस्ट हाउस व अन्य जो हैं उन पर कार्रवाई दूर नोटिस भी नहीं जारी किया गया है।

बात अगर शहर से मौजूदा समय में निकलने वाले कूड़े की करें तो करीब 600 मीट्रिक टन गीला व 160 मीट्रिक टन सूखा कूड़ा निकल रहा है। निस्तारण में सूखा कूड़ा समस्या नहीं है। छटनी भी हो जाती है। वहीं जो गीला कूड़ा है वह शहर के लिए चुनौती है। 600 में करीब 400 मीट्रिक टन गीला कूड़ा बड़े कूड़ा उत्पादकों व 200 आबादी एरिया का है। नियम के हिसाब से बड़े कूड़ा उत्पादकों को अपने गीले कूड़े का निस्तारण खुद ही करवाना है। ऐसा होने पर प्राधिकरण के जिम्मे सिर्फ 200 मीट्रिक टन गीला कूड़ा बचेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है।

8,69,600 **रुपये हर दिन खर्च कर रहा है प्राधिकरण:** बड़े कूड़ा उत्पादकों का गीला कूड़ा करीब 400 मीट्रिक टन नोएडा प्राधिकरण उठवा रहा है और उसका निस्तारण भी करवा रहा है।सभी कंपनियों व होटल से अलग-अलग मात्रा में कूड़ा निकलता है। शहर में तीन-चार फूड प्रोसेसिंग व पैकेजिंग कंपनियां भी हैं। 1 मीट्रिक टन गीले कूड़े का शहर से सेक्टर-145 स्थित बायोरेमिडेशन प्लांट तक पहुंचाने में करीब 1400 रुपये ट्रांसपोटेशन का खर्च आता है। 774 रुपये प्रति मीट्रिक टन प्लांट चला रही एजेंसी लेती है। इस तरह 1 मीट्रिक टन गीले कूड़े पर अथॉरिटी को 2174 रुपये के करीब खर्च करने होते हैं। इस तरह प्राधिकरण इन बड़े कूड़ा उत्पादकों के बोझ पर हर दिन 8,69,600 रुपये खर्च कर रहा है।

> बड़े कूड़ा उत्पादक जो भी हैं उनसे निर्धारित नियमों का पालन करवाया जाएगा। शुरुआत सोसाइटियों से की गई है। इसके लिए आगे सोसाइटियों के साथ विभाग बैठक करेगा।
>
> **- संजय खत्री, एसीईओ, नोएडा प्राधिकरण।**

**यह है नियम:** ठोस अपशिष्ट नियम -2016 के तहत गीले कूड़े का निस्तारण बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने परिसर में ही करना है। नियम में इसे लागू करवाने की पावर स्थानीय निकाय या प्रभारी प्राधिकरण को दी गई हैं। यह नियम नोएडा अथॉरिटी ने कागजों पर 1 अगस्त 2020 से शहर में लागू किया हुआ है। 50 किलो से ज्यादा कूड़ा एक दिन में निकालने वाले को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है।

**जुर्माना चार साल से तय लेकिन लगा नहीं रहा जन स्वास्थ्य विभाग:** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम -2016 के तहत नोएडा में लगाए जाने वाले जुर्माना भी गणना 2021 में हो चुकी है। आवासीय परिसर के लिए 10 हजार रुपये, मार्केट एसोसिएशन के लिए 20 हजार, गेटेड कम्युनिटी के लिए 10 हजार और संस्थानों पर 10 हजार रुपये का जुर्माना गीले कूड़े का निस्तारण न करने पर अथॉरिटी लगा सकती है। इसी तरह रेस्तरां पर 20 हजार रुपये, होटल पर 50 हजार रुपये, इंडस्ट्रियल यूनिट व खाद्य पदार्थों का ब्रांड निर्माता जो पैकिंग कर कई जगहों पर बेचता हो उस पर भी 1 लाख रुपये का जुर्माना तय हुआ है।

50 **किलो से ज्यादा हर दिन गीला कूड़ा निकालने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर:** प्राधिकरण ने बल्क वेस्ट जनरेटर (बड़े कूड़ा उत्पादक) का मानक तय किया हुआ है। मानक ये है कि 50 किलो से ज्यादा हर दिन गीला कूड़ा निकालने वाली जगहें बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आएंगी। इनमें सोसायटी, मार्केट असोसिएशन, होटल, रेस्तरां, गेस्ट हाउस, स्कूल, दफ्तर, अस्पताल व अन्य संस्थान शामिल हैं।

## किसान एकता संघ की पंचायत में फैसला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में किसान एकता संघ की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता जोरा सिंह भाटी ने की। प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि 29 मई को किसान यमुना एक्सप्रेसवे के सिल. ारपुर अंडरपास पर एकत्रित होंगे। वहां से सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय सूरजपुर की ओर मार्च करेंगे। महापंचायत में किसानों की आबादी की समस्याओं का समाधान मांगा जाएगा। नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने और 10 प्रतिशत विकसित भूखंड की मांग रखी जाएगी। सोरन प्रधान ने कहा कि किसानों, मजदूरों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। कार्यक्रम में ओमेंद्र खारी, सतीश कनारसी, मनीष नागर, कृष्ण बैंसला, विक्रम नागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-143 के पास स्थित गौतम बुद्ध प्रतिमा के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 15 मई की सुबह करीब उस वक्त हुआ जब शहदरा सेक्टर-141 निवासी राजेन्द्र ड्यूटी पर जाते समय अपनी बाइक से जा रहे थे। इस दौरान एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में पीड़ित के भाई राजेश कुमार की शिकायत पर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

### ऑक्सीजन प्लांट चालू पर टेक्नीशियन नहीं

**दादरी ( शाह टाइम्स )।** कस्बे के जीटी रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ऑक्सीजन प्लांट चालू है। इसके साथ ही आइसोलेशन वार्ड बना है। ऑक्सीजन प्लांट के लिए टेक्नीशियन नहीं है। जिस कारण स्टाफ को ट्रेनिंग कराकर चलाया जा रहा है । ऑक्सीजन कसंलट्रेटर 10 लीटर के 40 और 5 लीटर के 45 हैं । तथा आक्सीजन सिलेंडर 30 है । और 30 बेड पर ऑक्सीजन सप्लाई चालू है। वहीं, केंद्र प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि एनटीपीसी की ओर से कोविड वार्ड के लिए भवन बना बनाया गया था। जिसे बाद में 06 माह के लिए पुलिस ऑफिस बना लिया गया, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी खाली नहीं किया गया है।

### सामुदायिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिक क्लब की शुरुआत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-56 के सामुदायिक केंद्र परिसर में रविवार को वरिष्ठ नागरिक क्लब की शुरुआत हुई। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने इसका लोकार्पण किया। इस क्लब में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन और खेल की व्यवस्था की गई। इसमें एक साथ 30 से 40 लोग आनंद उठाया सकते हैं। इस अवसर पर सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने बताया कि आरडब्ल्यूए की वरिष्ठ नागरिकों के लिए अच्छी पहल है। अन्य सेक्टर में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए खेल-कूद की गतिविधियां विकसित की जाए।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक क्लब दो महीने में पांच लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसमें बुजुर्गों के लिए टेबल टेनिस, बिलियर्डस, शतरंज, लूडो और कैरम बोर्ड आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सेक्टर के बच्चों के लिए भी खेल गति. विधियां विकसित की जाएगी।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के चौगानपुर गांव में हुए हादसे में एक युवती (19) की जान चली गई। मृतका काजल मूलरूप से थाना नोहझील मथुरा की निवासी थी। वर्तमान में अपनी मां के साथ चौगानपुर में रह रही थी। परिजन का कहना है कि 19 मई की शाम वह गांव खेडा चौगानपुर में रोड पर जा रही थी। तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में काजल के सिर में गंभीर चोट आई और उसे तत्काल इलाज के लिए कासना स्थित जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ही काजल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मृतका की मां किरण देवी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गोलचक्कर पर शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक कंटेनर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कवलदीप शाह (55) निवासी देवला के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को कब्जे में लिया है। कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### सोसाइटी की लिफ्ट में फंसी बच्ची

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बहु मंजिला इमारत में लिफ्ट अटकने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फ्यूजन होम सोसाइटी का सामने आया है, जहां पर अचानक से फोर्थ फ्लोर पर एक लिफ्ट अटक गई और जिसमें एक बच्ची लिफ्ट के अंदर ही फंस गई। बताया जा रहा है कि करीब 10 मिनट तक बच्ची लिफ्ट के अंदर ही फंसी रही। बच्ची के लिफ्ट में फंसने का 26 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोसाइटी के डी टावर के 12वें फ्लोर पर रहने वाले संजू कुमार ने बताया कि जब वह पत्नी के साथ अपने फ्लैट से बाहर निकल रहे थे तो उन्होंने चौथी मंजिल पर लिफ्ट में फंसी बच्ची की आवाजें सुनीं। जब संजू और उनकी पत्नी चौथी मंजिल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक छोटी बच्ची लिफ्ट में फंसी हुई थी। बच्ची बहुत घबराई हुई थी और सहायता की गुहार लगा रही थी। जिसके बाद तुरंत उन्होंने मेंटेनेंस टीम को सूचित किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्ची को जैसे ही बाहर निकाला तो वह संजू कुमार की पत्नी के गले लग गई। मेंटेनेंस टीम ने बच्ची को शांत किया और उसकी स्थिति का ध्यान रखा।

# ठक-ठक गिरोह का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने शनिवार रात ठक-ठक गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया। उस पर गैंगस्टर ऐक्ट के मामले में 20 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी की पहचान मेरठ के श्याम नगर निवासी आसिम उर्फ हाशिम उर्फ लड्डन के रूप में हुई। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने सितंबर 2024 में गिरोह का पर्दाफाश कर मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों में आसिम के अलावा एजाज, उमर दराज और खुर्रम शामिल थे। ये लोग दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जनपदों में जाम वाले स्थान पर वारदात करते थे।

चोरी के मोबाइल फोन को ये अपने साथियों के माध्यम से बेच देते थे। पिछले दिनों गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने शनिवार रात सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से आसिम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ठक-ठक गिरोह के जालिम गैंग के नाम से कुख्यात हैं। वे अपने को मेरठ में जालिम गैंग के नाम से प्रसिद्ध करना चाह रहे थे। आसिम और उसके साथी दिल्ली-एनसीआर में ज्यादा ट्रैफिक वाले सिग्नल पर रुकी गाड़ी का शीशा खटखटाते। गाड़ी में बैठा व्यक्ति शीशा नीचे करता तो उसे पीछे रोड पर हादसा करने का आरोप लगाकर बातों में उलझा लेते। तभी इनमें से दूसरा व्यक्ति गाड़ी से मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेता।

## सोसाइटी में चोरी और लिफ्ट की दिक्कत से नाराजगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंशिया सोसाइटी के लोगों ने रविवार को रखरखाव में लापरवाही बरतने को लेकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि सोसाइटी में लिफ्ट आए दिन बंद रहती हैं और चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, इससे लोगों में नाराजगी है। सोसाइटी में रहने वाले आशीष दुबे ने बताया कि सोसाइटी में आए दिन वाहन चोरी हो रहे हैं। वाहनों से तेल भी गायब किए जा रहे। साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है। सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए हैं, जिससे लोगों में अधिक आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के एक टावर में पिछले 7 दिन तक लिफ्ट नहीं चली।

वहीं, अन्य टावरों में कभी भी दोनों लिफ्ट बंद हो जाती है। बिल्डर प्रबंधन से शिकायत करने पर कोई समाधान नहीं होता।

# एक साल से बंद है जिम्स का 500 लीटर का ऑक्सीजन प्लांट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोविड को लेकर जगह-जगह अलर्ट किया जा रहा है। यहां भी स्वास्थ्य विभाग तैयार होने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत कुछ और ही मिली। कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में ऑक्सीजन जरुरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यहां चार ऑक्सीजन प्लॉट में से एक बंद है। हर माह 20 हजार लीटर ऑक्सीजन बाहर से मंग. वानी पड़ रही है। यहीं हाल अन्य क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों का है। वहां कोविड से निपटने की तैयारी नहीं है।

कोविड के समय ऑक्सीजन की काफी कमी रही थी। उसके बाद सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लॉट लगाए गए। ताकि ऑक्सीजन की कमी को पूरा किया जा सके। वहीं अब एक बार फिर कोविड के केस बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी होने का दावा किया है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। जिम्स अस्पताल में चार ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं। इनमें से एक 1000 लीटर, एक 500 लीटर और दो 150-150 लीटर के प्लांट लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से मौजूदा समय में 1000 और 150-150 लीटर के तीन ही प्लांट चालू हैं। पिछले करीब एक साल से 500 लीटर का प्लांट बंद पड़ा हुआ है। बताया गया है कि इसकी सर्विस होनी है। सर्विस नहीं होने के कारण यह बंद है। यहां पर 08 टेक्नीशियन काम कर रहे है। अस्पताल में एक लिक्विड मेडिसिन प्लांट 10 किलो हजार लीटर का लगा हुआ है। जोकि संचालित है। वहीं नए भवन में भी एक 20 हजार किलो लीटर का प्लांट लगाया गया है।

20 **हजार लीटर बाहर से आती है ऑक्सीजन:** बताया गया है कि मौजूदा समय में करीब 200 ऑक्सीजन बेड हैं। बाल रोग विभाग, आईसीयू, एनआईसीयू और ओटी के लिए ग्रेटर नोएडा के आईनॉक्स एयर कंपनी से महीने में 20 हजार लीटर ऑक्सीजन मंगानी पड़ती है। वहीं, जिम्स परिसर में लगे एक हजार लीटर वाले प्लांट को सप्ताह में एक बार चलाया जाता है और 150-150 लीटर वाले प्लांट को सिलेंडर भरने के लिए सप्ताह में दो से तीन बार चलाए जाते हैं।

## बैठक में आय-व्यय का ब्योरा दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-56 के साम. ुदायिक केंद्र में रविवार को आरडब्ल्यूए की वार्षिक आमसभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी और संचालन महासचिव जीके बंसल ने किया।

बैठक में आय-व्यय का ब्योरा दिया गया। चुनाव की भी घोषणा की गई। सभी लोगों की सहमति से आरडब्ल्यूए के चुनाव अधिकारी सेवानियुक्त पुलिस उपायुक्त बृजेन्द्र सिंह राय चुने गए। सहायक चुनाव अधिकारी एसएस सचदेवा और एसएस नेगी बने।

इस मौके पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सामुदायिक केंद्र परिसर में मेदांता अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

# रानी अहिल्याबाई के जीवन पर लगी प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के मौके पर उनकी जीवन यात्रा से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। सेक्टर-116 स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदर्शनी का उदघाटन विधायक पंकज ने किया। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने शस्त्र और शास्त्र दोनों में दक्षता प्राप्त कर नारी शक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जो युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने 30 वर्षों तक सुशासन चलाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य की भावना को आगे बढ़ाया।

इस मौके पर नोएडा भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, सुषमा सिंह, राकेश शर्मा, विनोद शर्मा, संजय बाली आदि मौजूद रहे।

# प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करना होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करना होगा। सेक्टर-62 स्थित एनआईओएस ने छह महीने का यह कोर्स जारी किया है। इसमें आवेदन प्रक्रिया जुलाई-अगस्त महीने में शुरू होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बीएड की डिग्री के आधार पर सरकारी प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों को प्रशिक्षण के रूप में छह महीने का ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन ने ब्रिज कोर्स तैयार कर लिया है। इसे लेकर एनसीटीई ने अधिसूचना जारी कर दी है। यह कोर्स उन शिक्षकों को करना जरूरी होगा, जिन्होंने बीएड किया है और उनकी नौकरी कोर्ट के 11 अगस्त 2023 के आदेश से प्रभावित थी।

जुलाई में प्रक्रिया शुरू होगी छह माह के कोर्स के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की ओर से पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। कोर्स में शिक्षक प्राइमरी कक्षा के बच्चों को आसानी से पढ़ाने का तरीका सीख सकेंगे। ब्रिज कोर्स के लिए प्रक्रिया जुलाई-अगस्त में शुरू की जाएगी।

कोर्स करने के लिए शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) में प्रवेश लेना होगा। प्रवेश लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया जुलाई-अगस्त माह में शुरू हो जाएगी। - ऑनलाइन पढ़ाई होगी कोर्स के लिए तैयारी करने के लिए अध्ययन सामग्री संस्थान की ओर से ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। कोर्स में छह मुख्य विषय और एक प्रैक्टिकल होगा। प्रायोगिक विषय के तहत शिक्षकों को स्कूलों में पहुंचकर प्रशिक्षण लेना होगा।

# पौवारी गोशाला में बायो गैस संयंत्र लगाने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पौवारी गांव में नवनिर्मित गोशाला में बायो गैस संयंत्र लगाने की तैयारी तेज कर दी है। प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी) निकालकर इच्छुक कंपनियों से 4 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। रोजाना 50 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र को लगाने में लगभग 17 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इसे चयनित कंपनी खुद वहन करेगी। जमीन प्राधिकरण द्वारा दी जाएगी। गैस बेचने से होने वाली कमाई में प्राधिकरण की हिस्सेदारी होगी।

अधिकारी के मुताबिक निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू करने की तैयारी है। वहीं, जलपुरा गोशाला में बायो सीएनजी संयंत्र लगाने के लिए चयनित कंपनी एस 3 फ्यूल को जमीन आवंटित कर दी गई है। कंपनी ने संयंत्र लगाने के लिए उक्त स्थान पर मिट्टी का भराव शुरू कर दिया है। गड्ढा होने की वजह से मिट्टी का भराव करने की जरूरत पड़ रही है। इस संयंत्र की क्षमता भी 50 टीपीडी (टन प्रतिदिन) होगी। संयंत्र लगाने में डेढ़ साल का समय लगेगा। गैस बेचने से होने वाली कमाई दोनों गोशालाओं के संचालन पर खर्च की जाएगी। कार्य आदेश पहले ही जारी कर दिया गया है।

ओएसडी अभिषेक पाठक का कहना है कि दोनों गोशालाओं में बायो गैस संयंत्र शुरू होने से गोबर और अन्य अपशिष्ट के निस्तारण की समस्या दूर हो जाएगी। इसका उद्देश्य गोशाला को स्व वित्त पोषित बनाना है। इस संबंध सीईओ एनजी रवि कुमार द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

# नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी स्थित अजनारा होम्स में रविवार को निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के नेतृत्व में सोसाइटी के मुख्य द्वार नंबर 3 पर शांतिपूर्ण धरना दिया गया।

बिल्डर और मेंटेनेंस एजेंसी एपीवी रियल्टी/लोटस मेंटेनेंस सर्विसेज की लापरवाही के खिलाफ एओए ने स्टेट मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। इसमें कई गंभीर समस्याओं का जिक्र किया गया।



समिति के लोगों ने बताया कि सोसाइटी में भारी प्लास्टर और मलबा गिरने की घटनाएं हो रही हैं। विंडो कवर गिरने से राहगीरों को चोट लगने का खतरा है। लोगों ने समस्या बताते हुए कहा कि सोसाइटी में बाइक और पेट्रोल की चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ओपन एरिया की अवैध बिक्री की जा रही है। मार्केट कॉम्प्लेक्स में अतिक्रमण किया गया है। पानी की आपूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। मेंटेनेंस और बिजली बिल में गड़बड़ियां की शिकायतें हैं। जनरेटर बैकअप अपर्याप्त है। बेसमेंट की स्थिति खराब है। कचरा प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। फायर फाइटिंग सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था अधूरी है। बच्चों के खेलने की जगह और पार्क की उचित देखभाल नहीं हो रही है। एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने कहा कि कई बार समस्याएं बताई गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अब भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। एओए ने स्पष्ट किया कि यह धरना शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें न मानी गईं तो व्यापक आंदोलन की तैयारी है।

# सीमेंट कंपनी को पहुंचाया 1.60 करोड़ का नुकसान, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी में एक नामी सीमेंट कंपनी में चार माह के दौरान 1. 60 करोड़ रुपये के वित्तीय नुकसान का मामला सामने आया है। कंपनी ने मामले में एक नामदर्ज व अज्ञात लोगों के खिलाफ बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के अंबुजा सीमेंट कंपनी में डेटा विश्लेषण से पता चला है कि 25 जनवरी से मई तक लगभग 1.60 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है। जो कि लगभग 4200 मीट्रिक टन वजन वाले क्लिंकर की चोरी के कारण हुआ है। कंपनी में हुए नुकसान की जानकारी मिलने पर कर्मचारी दिलीप कुमार सरोज गायब है। वो एस मॉडर्न वीर रेंज सिक्योरिटी के तहत वेट ब्रिज ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है। वो अपना मोबाइल और बैग छोड़कर 17 मई को ड्यूटी से फरार हो गया था। उसके साथ करीब आधा दर्जन अन्य कर्मचारी भी फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्लांट मैनेजर प्रेमलाल वर्मा ने ऑपरेटर व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# धामपुर में नाला सफाई अभियान

## कीचड़-मिट्टी को तुरंत हटवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों की व्यापक सफाई अभियान 15 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गई है, जिसे 30 जून तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

इसी क्रम में रविवार को कॉलेज के सामने स्थित प्रमुख नाले की सफाई पालिका के बाहुबली (हैवी मशीनरी) द्वारा कराई गई। सफाई के दौरान निकली मिट्टी एवं कीचड़ को तुरंत डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाकर डलवाया गया, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

इसके साथ ही क्षेत्र में स्थित छोटे नालों की सफाई सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा की जा रही है। पालिका प्रशासन के अनुसार, यह कार्य योजना नगर की स्वच्छता और बरसात पूर्व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु संचालित की जा रही है।

नगर पालिका परिषद ने आमजन से अपील की है कि वे नालों में कूड़ा या प्लास्टिक न डालें और इस अभियान में सहयोग करें, ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बना रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी बनी ग्रामीणों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और चंदाखोरी के चलते झोलाछाप चिकित्सकों की बाढ़ आई हुई है। बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के कई झोलाछाप तो बेहतर इलाज के नाम पर बीमार पीड़ितों से कई कई गुना पैसे बनाने में लगे है।

हीमपुर दीपा में थाने के आस पास बैठे एक चिकित्सक ने तो इलाज के नाम पर ऐसी धूम मचाई हुई है कि गरीबों को लूटने से वह कोई गुरेज नही करता है। गाँव मे बैठा उक्त डॉक्टर कैल्शियम और आयरन की जेनेरिक गोलियां थमाकर भोले भाले ग्रामीणों से 90 रुपये से कम नहीं मांगता है। उक्त डॉक्टर पर स्वास्थ्य अधिकारियों का भी अच्छा हाथ है, जिसके चलते उसने क्षेत्र में जमकर धूम मचाई हुई है। उधर थाना क्षेत्र के ही ग्राम छाछरी मोड़ पर भी स्वास्थ विभाग की मेहरबानी के चलते डॉक्टरों की बाढ़ आई हुई है। यहां कदम कदम पर डॉक्टर मौजूद है जिन पर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने के बजाय पाल-पोश कर हादसों का इंतजार कर रहा है।

एक दो वर्ष पूर्व तो छाछरी मोड़ पर अपने क्लीनिक के बाहर पेड़ के नीचे मरीजों को चारपाई पर लेटाकर ईलाज कर रहे डॉक्टर को टोकना नोडल अधिकारी को भी महंगा साबित हो गया था, जिनके धौलपूजा कर दी गई थी। हालाँकि स्वास्थ्य विभाग पीटकर भी मौन बैठा परंतु शाह टाइम्स की प्रमुखता से बैक टू बैक छपी खबर से हुई फजीहत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उक्त डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि सूत्र बताते हैं कि घोर बेइज्जती के बाद भी इसी विभाग के अधिकारी उक्त डॉक्टर पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये हुए है।

## एक नजर

### ..राम जी से कहना हमारी राम-राम



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित संदीप कुमार के आवास पर श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हनुमान जी राम जी से हमारी राम-राम कहना सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को हनुमान दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में संदीप कुमार, नीलम, हर्ष, आदि, नरेंद्र सिंह, बागेश्वरी देवी, जसवंत सिंह, दीपमाला ठाकुर, उज्जवल राणा, दीपवंत सिंह, दीपाली आदि शामिल रहे। हनुमंत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

### समाजसेवी इस्लाम ठेकेदार के भाई का निधन



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी इस्लाम अहमद खां ठेकेदार के बड़े भाई इरशाद अहमद खां (कातिब) 80 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते शनिवार की दोपहर इंतकाल हो गया। उनकी नमाज ए जनाजा आज सुबह 9:00 बजे किला वाली मस्जिद में अदा की गई। इरशाद अहमद खान कातिब लगभग दस वर्षों से पैरालिसिस की बीमारी से पीड़ित थे। वह बीमारी से पूर्व कई दशक तक थाने में दी जाने वाली तहरीर की किताबत किया करते थे। उनके इंतकाल की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई तथा उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

### जयंत चौधरी 31 को करेंगे शिलान्यास



**किरतपुर।** रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी 31 मई को किरतपुर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। तैयारियों की समीक्षा के लिए सांसद चंदन चौहान ने कॉलेज का दौरा किया और रालोद नेताओं से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक काजी तारिक अली ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक होगा और पूरे यूपी से कार्यकर्ता जुटेंगे। चौधरी शोएब ने युवाओं से जनसैलाब लाने का आह्वान किया। मौके पर कई वरिष्ठ नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाथी शावक का अधखाया शव मिला




**कालागढ़।** रेंज स्थित लक्कड़ घाट में टाइगर के हमले में हाथी शावक का अधखाया शव बरामद हुआ। सीटीआर वन अधिकारी बिंदर पाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व ने बताया कि कालागढ़ रेंज लक्कड़घाट बीट में गश्ती दलों द्वारा गश्त के दौरान एक हाथी शावक का अधखाया शव दिखाई दिया, जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जाँच के दौरान पाया कि घटनास्थल पर नर बाघ की मौजूदगी के पगमार्क पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह घटना एक नर बाघ द्वारा हाथी शावक शिकारी प्रवृत्ति के कारण की गई है। वन्यजीव विभाग ने पशु चिकित्सकों की देखरेख में निर्धारित मानकों और एसओपी के अनुसार हाथी शावक का मौके पर ही शव विच्छेदन कर निस्तारण किया। घटनास्थल पर कार्बेट टाइगर रिजर्व उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ बिंदर पाल, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव कुमार, डॉ. हिमांशु पांडे, WWF प्रतिनिधि फैजान अंसारी, टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के ए.जी. अंसारी, वन क्षेत्राधिकारी मनीष कुमार, वन दरोगा महेश चंद्र जोशी, भारत सिंह रावत सहित स्थानीय एनजीओ और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। पिछले। सप्ताह मंगलवार को वन विभाग इसी कालागढ़ रेंज की लक्कड़ घाट बीट में ही बाघ के दो शावकों के शव बरामद हुए थे।

### पालिका ने हटाया अतिक्रमण



**किरतपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका किरतपुर में जैन मंदिर चौराहा से हरिहर मंदिर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, नायब तहसीलदार किरतपुर एवं पुलिस बल की संयुक्त टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन व पालिका स्टाफ की सहायता से हटवाया गया। नगर पालिका द्वारा पूर्व में अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए थे, जिसके पश्चात यह कार्रवाई की गई। अभियान में पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, नायब तहसीलदार अतुल भगत, कानूनगो सुरेश चंद्र चिनवाल, पालिका लेखाकार सुरेंद्र सिंह, बाबूराम, ज्ञानेश्वरानंद, सफाई नायक सुंदर सिंह, प्रेम सहित कस्बा इंचार्ज शिव कुमार अन्य पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता आवश्यक: डा. वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समा. जसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा जहां सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तो वहीं नगर क्षेत्र में युवाओं के प्रति जागरूकता एवं शिक्षा पर भी गंभीरता से अपने विचार विमर्श करते हैं।

डा. वर्मा ने कहा कि आज देखा जा रहा है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक ज्यादा जोर देते है कि अच्छे अंक के साथ पास होना है। आज समाज मे बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाओं के अंकों को ही सफलता का एकमात्र मापदंड मान लिया गया है। यह दृष्टिकोण न केवल संकीर्ण है बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक भी है। नैतिकता, सामाजिक समझ और व्यावहारिक कौशल जैसे गुणों को उपेक्षित करने के कारण हम एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो अंकों की दौड़ में तो आगे निकल सकती है पर मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण की भावना से दूर होती जा रही है। समाज में यह धारणा प्रबल है कि उच्च अंक भविष्य में आर्थिक और सामाजिक सफलता की गारंटी देते हैं। इस कारण माता पिता, शिक्षक और विद्यार्थी स्वयं भी अंकों को सर्वोपरि मानते हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल और सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सीमित सीटों के लिए लाखों विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा करते हैं। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मूल्यांकन प्रक्रिया अधिकतर लिखित परीक्षाओं पर आधारित है, जिसमें रटने की क्षमता और तथ्यों को पुन: प्रस्तुत करने की योग्यता को प्राथमिकता दी जाती है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक बुद्धिमत्ता आवश्यक है।

डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा स्थान है जिस पर चलकर छात्र-छात्राओं का नाम रोशन होता है, उनके जीवन में खुशहाली और तरक्की के दरवाजे खुलते हैं।

# ईद-उल-अजहा पर सजी बकरों की मंडी

## खरीदारों की उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में ईद-उल-अजहा के अवसर पर रविवार को साप्ताहिक बाजार में बकरा खरीदने वालों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। बाजार में सुबह से ही रौनक नजर आई और दोपहर तक बाजार खचाखच भर गया।

बाजार में अलग-अलग नस्लों के बकरे आकर्षण का केंद्र बने रहे। कई बकरे इतने सुंदर और तंदुरुस्त थे कि लोग देखते ही रह गए। बच्चों में बकरों को देखने और उन्हें छूने का खासा उत्साह देखा गया। बकरा विक्रेताओं ने बताया कि इस बार दाम थोड़े ज्यादा है लेकिन फिर भी लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह कम नहीं है।

कई परिवारों ने बाजार से एक नहीं, बल्कि दो-दो बकरे खरीदे। सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन की ओर से पुलिस की तैनाती की गई थी, जिससे बाजार में कोई अव्यवस्था नहीं हुई। कुल मिलाकर ईद-उल-अजहा को लेकर नगर में खास उत्साह देखा गया और बकरा बाजार ने इस त्यौहार की तैयारी को और भी खास बना दिया।

# शनिवार बाजार में जमकर खरीदारी

## पिछले बाजारों की अपेक्षा महिलाओं की भीड़ अधिक देखने को मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला चाहसंग जामा मस्जिद पर लगने वाले शनिवार बाजार के अब वहां न लगने से जहां दुकानदारों की ब्रिकी प्रभावित हुई है। वहीं शनिवार बाजार के शीतला तालाब के पास लगने से बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को भी दूर का रास्ता पार करना पड़ रहा है।

शनिवार बाजार मे देखा गया कि इस बाजार के यहां लगने से और भी अधिक जमकर खरीदारी हुयी। हालांकि मौहल्ला चाहसंग जामा मस्जिद मार्केट में लगने वाले शनिवार बाजार से इस बाजार के हटने से उन दुकानदारो की बिक्री प्रभावित हुई है, जिनकी पक्की दुकाने है और और वह सड़क पर नहीं है।

शनिवार बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं का सैलाब उमड़ा रहा। हालांकि उन्हें अब काफी दूर का रास्ता पार कर आना पड़ा है।

चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने इस बाजार के हटने और अलग लगने के बारे में कहा है कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि अब मण्डल में कहीं पर भी सड़कों पर साप्ताहिक बाजार नहीं लगेंगे। शासन के आदेश का पालन करते हुए फिलहाल इस बाजार को उन्होंने अस्थाई तौर पर शीतला तालाब के आगे एक बड़े मैदान में लगवाये जाने की बात कही है। उन्होंने इस बारे में गरीब अवाम को पूरी तरह आश्वस्त करते कहा है कि वे परेशान और निराश न हो शासन के आदेश का पूरा पालन करते हुए शीघ्र ही बेहतर व्यवस्था कराये जाने के लिये जल्दी ही नगर पालिका कोई पुख्ता इंतजाम करेगी जिसके लिए पालिका ने टेण्डर प्रकाशित कराये है।

उधर जनता की माने तो इस बाजार से गरीब व अमीर हर घर परिवार की महिलाओं को कम दर पर अच्छा सामान खरीदने को मिल जाता था। साथ ही गरीब दुकानदारों फड़ियों व ठेले वालों को भी अपना परिवार चलाने में मदद मिल जाती थी। शनिवार बाजार में पिछले बाजारों से भी अधिक महिलाओं की भीड़ देखने को मिली, जिन्होंने जमकर खरीदारी की। साथ ही गरीब ई रिक्शा चालकों को भी अतिरिक्त इनकम हुई जो सवारी पहले बाजार में दस रूपए देती थी, अब वही सवारी बीस से तीस रूपए दे रही है।

# थाना समाधान दिवस में शिकायतों का समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की।

थाना कोतवाली नगीना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा ने की। इस मौके पर फरियादियों द्वारा लिखित व मौखिक रूप से शिकायतें की गई। जिनमें चार लिखित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से एक पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष तीन राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु भेज दिया गया। नायब तहसीलदार ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करें। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करें। अधिकारियों ने शिकायतों के हाथों हाथ हल करने के प्रयास किए। आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है।

इस मौके पर नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सोहन सिंह पुंडीर, एसआई सर्वेज खान, एसआई सुभाष तोमर, कई कानूनगो व लेखपाल, नगर पालिका कर्मचारी मौहम्मद असलम सहित फरियादी पहुंचे।

# रालोद नेता को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा नेता को अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी दिए जाने के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चलान कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शाहबपुरा रतन सिंह निवासी चौधरी शोएब पुत्र मोहम्मद मोनिस ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह राष्ट्रीय लोकदल व एनडीए गठबंधन सहयोगी पार्टी में क्षेत्रीय मंत्री रूहेलखंड क्षेत्र युवा राष्ट्रीय लोकदल के पद पर है। चौधरी शोएब कहना है कि उन्होंने रालोद एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी लोकसभा 4 बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान का बीते वर्ष 2024 में चुनाव लड़ाया था, जिससे अजीम पुत्र इरशाद अंसारी उनसे राजनीतिक मतभेद रखता है। उसने कई बार अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व जाने मारने की धमकी दी थी और आरोपी अजीम ने पार्टी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग किया था। अजीम के पिता इरशाद अहमद किरतपुर से बीते 2 वर्ष पूर्व AIMIM ओवैसी की पार्टी से चेयरमैन प्रत्याशी भी रह चुका है। उसने 20 मई को नगर के एक मौहल्ले के चौराहा पर खड़े होकर फिर से अपशब्द बोलने शुरू कर दिए तथा गंदी गंदी गालियां फिर से देने लगा और छुट भैय्या नेता बताया। प्रार्थना पत्र में आगे कहा गया है की यदि मुझे कोई हानि पहुंचती है या मेरी हत्या होती है तो उसका जिम्मेदार अजीम होगा।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अजीम का धारा 351( 2 ) व धारा 352 के अंतर्गत चालान कर दिया।

# विनोद सैनी बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

## धामपुर बार एसो. का चुनाव संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बार एसोसिएशन धामपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शाहिद अली एडवोकेट, सचिव पद पर देवेंद्र कुमार एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष पद पर नितिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट विजयी घोषित किए गए।

एलडर्स कमेटी बार एसोसिएशन धामपुर के चेयरमैन योगेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि बार एसोसिएशन धामपुर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया। सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ और 2 बजे तक 210 मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया। कुल मतदाताओं की संख्या 214 थी लेकिन एक सदस्य की मृत्यु व 3 मतदाता गैर हाजिर रहे। अध्यक्ष पद पर काटे की टक्कर रही। विनोद कुमार सैनी एडवोकेट को 106 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विरेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट को 103 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शाहिद अली एडवोकेट को 109 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी परशुराम एडवोकेट को 97 मत मिले। सचिव पद पर देवेन्द्र कुमार एडवोकेट को 118 मत व उनके प्रतिद्वंदी खेमचंद एडवोकेट को 89 मत मिले।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कुलवीर सिंह एडवोकेट विजयी रहे। उन्हें 158 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी सुभाष चन्द्र एडवोकेट को 49 मत मिले। सह सचिव प्रशासन पद पर शादान सईद एडवोकेट निर्विरोध विजयी चुने गये। सह सचिव लाइब्रेरियन पद पर विपिन कुमार एडवोकेट विजयी रहे। उन्हें 133 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी रक्षपाल सिंह एडवोकेट को 72 मत मिले। सह सचिव प्रकाशन पद पर हीरेंद्र कुमार एडवोकेट विजयी रहे उन्हें 98 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी अखिलेश कुमार एडवोकेट को 70 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर नितिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट विजयी रहे उन्हें 152 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी तारा सिंह एडवोकेट को 55 मत मिले।

# बेनहर स्कूल में डे-नाईट समर कैम्प का आगाज




**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में सुनियोजित कार्य क्रमानुसार आज दिनांक 25 मई 2025 को 'डे नाईट समर कैम्प–2025' का उत्साह भरे वातावरण में उद्घाटन हुआ। संस्थापक प्रधानाचार्या रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, प्रशासक परविन्दर सिंह सैहमी, सह प्रशासक गुरदित्त सिंह सैहमी ने रंग–बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर समर कैम्प का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कैम्प को–आर्डिनेटर रोशनी बग्गा ने समरकैम्प का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि विद्यालय प्रशासन के द्वारा एक सप्ताह तक रात–दिन का कैम्प लगाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है जिससे कि वे अपने माता–पिता के बिना छोटे–छोटे निर्णय स्वयं लेने की आदत डाले तथा अपने साथियों के साथ पारस्परिक सामंजस्य तथा दूसरों का आदर करने की भावना का विकास करें।

उन्होंने सभी को अपने साथ लाई सामग्री के साथ–साथ विद्यालय की सम्पत्तियों का ध्यान रखते हुये समरकैम्प का सम्पूर्ण समय अनुशासन के साथ व्यतीत करने का निर्देश भी दिया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमरीन नाज एवं आस्था आनन्द ने किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात् पूर्वाह्न में हुई प्रमुख गतिविधियों में विशेषज्ञों द्वारा ''सॉफ्ट स्किल्स, इलैक्ट्रिकल स्किल्स, प्लम्बिंग, कारपेन्टरी, सैल्फ ग्रूमिंग, पॉट पेन्टिंग, क्रोशिया एवं टेबल मैनर्स'' विषय पर विभिन्न वर्कशाप हुईं जिसमें कक्षा 6 व 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सायं काल में हुई ''फुटबॉल एवं डॉजवॉल'' प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैम्प में आये विद्यार्थी चार टीमों में बांटे गये हैं जो 30 मई तक रात दिन विद्यालय परिसर में ही रहेंगे ताकि उनमें आत्मनिर्भरता के साथ शिविर का सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की क्षमता का विकास हो सके। 162 छात्र और छात्रायें, गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी एवं कैम्प को–आर्डिनेटर्स रोशनी बग्गा, नेहा पाण्डेय एवं निर्मला शर्मा व शिक्षक–शिक्षिकाओं के निरन्तर मार्गदर्शन में रहकर अपने व्यक्तित्व को निखारने वाली गतिविधियों में व्यस्त रहकर उल्लास और ऊर्जा भरा शिविर जीवन एक सप्ताह तक बितायेंगें। समरकैम्प की व्यवस्था के लिए विद्यालय में मेस के लिए 4 कमरों में व्यवस्था की गई है। जिसमें एक साथ बैठकर सभी विद्यार्थी तथा शिक्षक भोजन करते हैं। रहने के लिए 5 कमरे छात्रों हेतु तथा 4 कमरे छात्राओं के हेतु गद्दे आदि से सुसज्जित करवायें गये हैं। विद्यालय नें उन्हें खान–पान तथा रात्रि विश्राम से सम्बन्धित समस्त सुविधाओं को घर जैसा ही प्रदान किया है।

## गोल्डन फ्लावर स्कूल के बच्चों ने वाटर पार्क में की मस्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर के नेशनल हाईवे 730 खुटार रोड पर स्थित गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं का एकदिवसीय पिकनिक का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र–छात्राओं को बरेली के फन सिटी में भेजा गया जहां बच्चों ने राइड का जमकर आनंद लिया। राइडस में डांस ब्रेक, जंगल गुफा, वोट ट्रेन, रोपवे राइड, हाटिड हाउस, डांसिंग कार, वेवपूल इत्यादि का आनंद लिया। वाटर पार्क में स्थित रेन डांस, वॉटर वाडिज के साथ बच्चों ने सभी झूलो का पूरा आनंद लिया।

# पूरनपुर रेलवे स्टेशन को मिला ट्रेन स्टॉपेज, स्थानीय नेताओं ने जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद की पहल पर पूरनपुर रेलवे स्टेशन को नई सुविधा के रूप में एक अहम सौगात मिली है। अब दिल्ली और मैलानी के बीच चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन (संख्या 04040/04050) का स्टॉपेज़ पूरनपुर में हो गया है। यह ठहराव दिल्ली से मैलानी जाने वाली और मैलानी से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में लागू किया गया है। यह ट्रेन 16 फेरों में चलाई जा रही है। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान और पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस ठहराव से पूरनपुर, बरेली, लखनऊ और दिल्ली सहित प्रमुख शहरों की यात्रा आसान हो जाएगी। अब यात्रियों को निकटवर्ती स्टेशनों की ओर जाकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस मांग को लेकर उन्होंने पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से वार्ता की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए ठहराव की स्वीकृति दी गई। इस कार्य में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की भी अहम भूमिका रही। इस अवसर पर पूरनपुर विधायक और चेयरमैन के अलावा भी सभी स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह खबर सुनते ही सोशल मीडिया पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को आभार व्यक्त करने को पोस्टों की बाढ़ सी आ गयी। यह निर्णय पूरनपुर की जनता के लिए एक बड़ी राहत है, इसके साथ ही जितिन प्रसाद द्वारा आने वाले समय में नई ट्रेनों के संचालन का आश्वासन भी दिया गया है।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत 5 वारंटी को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत पुलिस ने जिले के विभिन्न थानो से न्यायलय से फरार चल रहे वारंटयों को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थाना पुलिस द्वारा 5 वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। थाना देहात पुलिस ने न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे जितेन्द्र पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम पीरनगर सूदना थाना हापुड देहात जनपद हापुड, मुकेश पुत्र चन्दूलाल निवासी ग्राम पीरनगर सूदना थाना हापुड देहात जनपद हापुड, थाना पिलखुवा पुलिस ने शिवम पुत्र लोकेश निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड, थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने लोकेश पुत्र रामपाल निवासी ग्राम मौहम्मदपुर रूस्तमपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड और सुखवीर पुत्र जोधा निवासी ग्राम पलवाडा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी विभिन्न मामले में न्यायलय से गैरहाजिर चल रहे थे। जिन्हे गिरफ्तार किया गया है।



# अवैध वसूली से गुस्साए गल्ला व्यापारियों ने मण्डी समिति के इंस्पेक्टर व एक कर्मचारी को बंधक बनाया

**जेवर।** अनाज मण्डी गल्ला व्यापारियों का गुस्सा उस समय भड़क उठा जबकि मण्डी समिति के इंस्पेक्टर ने एक व्यापारी से अपने कर्मचारी द्वारा अवैध रूप से पच्चीस सौ रूपये सुविधा शुल्क के रूप में वसूल करा लिए फिर क्या था गुस्साए व्यापारियों ने मण्डी समिति के इंस्पेक्टर नरेश कुमार व कर्मचारी राकेश को ही बंधक बना लिया और जोरदार नारेबाजी शुरू कर इंस्पेक्टर व उगाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे। अनाज मण्डी गल्ला व्यापारी समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलदीप पण्डित ने जानकारी देते हुए बताया कि मण्डी समिति के इंस्पेक्टर नरेश कुमार व कर्मचारी मनवीर व राकेश से प्रत्येक माह अनाज मण्डी गल्ला व्यापारियों से अवैध तरीके मण्डी एवं सेवा शुल्क के सहित अन्य शुल्क के नाम पर अवैध धन वसूली कराते हैं न देने पर व्यापारियों के खिलाफ झूंटी कार्यवाही कराने की धमकी देते हुए प्रत्येक माह ६ हजार से सात हजार रूपये तक की वसूली कराते हैं इतना ही अगर कोई व्यापारी नया मण्डी लाइसेंस बनवाता है तो इंस्पेक्टर साहब की तो बात ही कुछ अलग है वह एक लाख रूपये से कम की सुविधा शुल्क की डिमाण्ड ही नहीं करते वह बिना सुविधा शुल्क लिए व्यापारियों का कोई कार्य नहीं करते आज भी उन्होंने एक व्यापारी से पच्चीस सौ रूपये सुविधा शुल्क वसूल की। इंस्पेक्टर व उनकी टीम से परेशान व्यापारियों ने इसकी शिकायत बीजेपी नेता मोनू गर्ग से की और आनन फानन में एकत्रित होकर नाराज गल्ला व्यापारियों ने मण्डी इंस्पेक्टर व कर्मचारी राकेश को बंधक बना लिया और दिए गए पैसे वापस लेते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दी। उक्त प्रकरण में मण्डी सचिव पंकज शर्मा का कहना है कि मण्डी इंस्पेक्टर नरेश द्वारा अवैध वसूली किए जाना उनके संज्ञान में आ गया कई व्यापारियों ने इस सम्बन्ध में जांच कराई जा रही है दोषी पाये गए तो मण्डी इंस्पेक्टर व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही कराई जायेगी।



# समाज सेविकाओं द्वारा प्रदान की गई बालिका को साइकिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** गिर्राज रेजिडेंसी के प्रांगण मे समाज सेविकाओं द्वारा बालिका को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरंभ गणेश जी के समक्ष मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज , लक्ष्मी नगर की पार्षद श्रीमती सोनू गौड़, मीनाक्षी राज वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर ममता भारद्वाज जी ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों को सहारा देता है उसे अपने लिए सहारा मांगना नहीं पड़ता परमात्मा स्वयं उसे दे देता है इस कार्यक्रम से जुड़े सभी को मैं धन्यवाद देती हूं कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित होते रहे। ममता भारद्वाज ,सोनू गौड़ ,मीनाक्षी राज वर्मा , पुष्पा मलिक जयमाला आदि मौजूद रहे।

# महानगर के जागने से पहले कूड़ा उठाने का काम पूरा करें: नगर आयुक्त



**मथुरा।** महानगर के जागने तक साफ सफाई का कार्य पूरा किया जाए। सुबह नौ बजे तक हर हाल में डलाब घरों से कूडा उठाने का कार्य पूरा कर लिया जाए। साथ ही डलाव घरों की साफ सफाई भी नियमितरूप से की जाए। शहर के साफ और सुंदर दिखने के लिए यह जरूरी है। लापरवाही पर जिम्मेदार फर्म और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश के तेवर तीखे हैं। बरसात से पहले वह चाहते हैं कि नालों की साफ सफाई इस स्तर की जो जानी चाहिए कि जलभराव की समस्या पैदा न हो साथ ही शहर साफ सुथरा भी नजर आए।

इसके लिए वह निरंतर मौके पर पहुंच कर व्यवस्था को परख रहे हैं। अभी तक सिर्फ चेतावनी दे रहे नगर आयुक्त ने अब कार्यवाही के प्रति लापरवाहों को आगाह किया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मई को प्रातः नौ बजे नगर आयुक्त ने गोवर्धन रोड एवं सौंख रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया।

गोवर्धन रोड पर श्रीजी बाबा स्कूल के समीप स्थित डलाव घर की सफाई एवं कूड़ा उठान कार्य निर्धारित समयानुसार न पाए जाने पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि डलाव घर से कूड़ा सुबह नौ बजे से पूर्व हर हाल में उठाया जाए। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि आगामी दिनों में पुनः निरीक्षण किया जाएगा और यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया गया तो जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत नगर आयुक्त ने सौंख रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां कुछ स्थानों पर गंदगी एवं नाले की उचित सफाई न होने की स्थिति पाई गई।

इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के सभी डलाव घरों की सफाई सुबह नौ बजे से पहले सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी गंदगी न पाई जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की तालीझाड़ सफाई नियमित रूप से कराई जाए, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# संस्कृति में स्थापित होगी अनरियल लैब और ग्रीन स्टूडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** अनरियल एज संस्कृति विश्वविद्यालय में चार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो स्थापित करेगा। संस्कृति यूनिवर्सिटी ने अनरियलएज एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन और यूनीकौशल के साथ मिलकर अत्याधुनिक, उद्योग–संरेखित कार्यक्रम– इंटरएक्टिव और रियल–टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में एमबीए और इंटरएक्टिव और रियल–टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में बीबीए शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक गठबंधन के हिस्से के रूप में, अनरियलएज यूनिवर्सिटी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा, जिसमें 4 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो होगा। यह सुविधा छात्रों को मजबूत तकनीकी सहायता और गहन, व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी। इस समझौता ज्ञापन पर अनरियलएज एजुकेशन के संस्थापक मणिगंदन मंजूनाथन, यूनीकौशल की संस्थापक श्रीमती मृदुला त्रिपाठी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। संस्कृति विश्विद्यालय की ओर से मनीष मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार और डॉ. गजेंद्र सिंह, सीईओ, संस्कृति इनक्यूबेशन सेंटर मौजूद रहे। यह सहयोग विशेषज्ञ सलाह, हाइब्रिड लर्निंग और 100: प्लेसमेंट सहायता प्रदान करके अकादमिक–उद्योग अंतर को पाटने पर केंद्रित है।




इसका उद्देश्य छात्रों को गेमिंग, एनीमेशन, ।त्ध्ट् और इमर्सिव मीडिया तकनीकों में भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करना है। अनरियल इंजन, एक विश्व–अग्रणी 3 डी निर्माण प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को गेमिंग, फिल्म, आर्किटेक्चर और अन्य क्षेत्रों में करियर और उद्यमशीलता के अवसरों से सशक्त बनाएगा। अपने उच्च–निष्ठा दृश्यों, क्रॉस– प्लेटफॉर्म विकास क्षमताओं, सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस और ब्लूप्रिंट विजुअल स्क्रिप्टिंग के साथ, अनरियल इंजन डिजिटल नवाचार की अगली लहर का नेतृत्व करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार करता है।

# पांच किलो गांजे के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस ने एक अभियुक्त को चार किलो 980 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। बलदेव पुलिस टीम को चौकिंग के दौरान संदिग्ध सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैरनी जाने वाले रास्ते पर सादाबाद रोड से करीब चार सौ मीटर दूरी पर मौजूद है। राकेश उर्फ राजेश पुत्र चेतराम निवासी अवैरनी थाना बल्देव को एक प्लास्टिक के कट्टे मे रखे हुए चार किलो 980 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पकडे एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन**

# किसानों को 2027 में बनानी होगी अपनी सरकार: वीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को कौराला गांव में स्थित एक कॉलेज में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिहं ने कहा कि, सन 1947 में देश तो आजाद हो गया, परन्तु किसान आज तक आजाद नहीं हुआ। सभी सरकारें किसानों का वोट तो लेती है, परन्तु सरकार बन जाने पर पूंजी पतियों की हो जाती है। किसान हर बार ठगा जाता है, किसान अब तक सपा बसपा,कांग्रेस, भाजपा सभी राजनैतिक पार्टियों की सरकारें देख चुका है, परन्तु हर सरकार में किसान का कर्ज बढ़ता चला जाता है। पार्टियों के पास किसानों और मजदूरों को जाति और धर्म में बाँटकर सत्ता में बैठना होता है। उन्होने कहा पिछले 30 वर्षो से स्वयं कोर्ट में किसानों की लड़ाई लड़कर किसानों को बचाने का काम करते आये हैं। एमएसपी गारन्टी कानून, गन्ना मूल्य भुगतान, विलम्बित भुगतान पर ब्याज आदि मामलों पर सरकारो की नीयत किसानों के प्रति ठीक नहीं है। उन्होने कहा अब समय आ गया है किसानों और मजदूरों को जाति धर्म भूलकर 2027 में अपनी स्वयं की सरकार बनानी होगी। बताया कि 31 अगस्त को जनपद अमरोहा में विशाल किसान मजदूर रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुरादाबाद मण्डल के सभी जनपदो के किसान एकत्र होंगे। सम्मेलन को पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ0उपेन्द्र सिंह, महासचिव कैलाश लांबा,वीरपाल सिंह, स०जगजीत सिंह, मुकुल कुमार त्यागी, जोरावर सिंह, विनोद कुमार बिट्टू, कुलदीप चौधरी, संजोर अली पाशा, अंकित चौधरी, लकी गौसल, नरेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश सिंह भीम सिंह,चमन सिंह, नरपत सिंह, डालचन्द सिंह,जोगेन्द्र आर्य, रमेश सिंह यादव, हरवीर सिंह, जयपाल सिंह, राजवीर सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



गजरौला। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राकिमसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109–110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011–41509401–2
फैक्स: 011–41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




## नोवाक ने जीता जिनेवा ओपन

● दिग्गज टेनिस स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर जीता यह खिताब

**जिनेवा, वार्ता।** सर्बियाई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर अपना 100वां एटीपी खिताब जीता। जिनेवा ओपन के फाइनल मुकाबले में शनिवार रात जोकोविच ने हर्काज पर 5-7, 7-6, 7-6 से हराकर जीत दर्ज की। शुरुआत में एक सेट से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद जोकोविच कहा कि मैं यहां 100वां खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। मुझे इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ी है। नोवाक जोकोविच ने इस जीत के साथ ही 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी का रविवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से पहले आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने जिनेवा ओपन जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स के 100 खिताब जीतने की बराबरी कर ली है। जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वहीं रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है।

# इंग्लैंड में भारत को सीरीज जिता पाएंगे गिल!

## कप्तान के रूप में शुभमन गिल के सामने पहला चैलेंज, इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है, भारत यहां 2007 से कोई सीरीज नहीं जीत सका



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 साल के शुभमन गिल भारत के नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। जिनकी कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली 2 सीरीज हार गई। शुभमन के सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती टीम इंडिया का विनिंग कमबैक कराना ही है। शुभमन के सामने 5 चैलेंज हैं-1. इंग्लैंड में 18 साल बाद सीरीज जिताना 2. टेस्ट में भारत का विनिंग कमबैक कराना 3. विदेश में खुद की बैटिंग साबित करना 4. ट्रांजिशन फेज में युवा टीम को संभालना 5. भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिर पहुंचाना। मई में भारतीय टेस्ट टीम के 2 सीनियर प्लेयर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया।

उनसे पहले रविचंद्रन अश्विन भी रिटायर हो गए थे। जिसके बाद टीम को नए कप्तान की जरूरत पड़ी, जो टीम का परमानेंट मेंबर भी हो और लंबे समय तक जिम्मेदारी संभाल सके। जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल भी दावेदार थे, लेकिन बुमराह को फिटनेस के कारण कमान नहीं सौंपी गई। वहीं सिलेक्टर्स का मानना है कि राहुल को परमानेंट कप्तान नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में कमेटी ने युवा गिल को कमान सौंपी, जो लंबे समय तक टीम की बागडोर संभाल सके। कप्तान के रूप में गिल के सामने पहला चैलेंज इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज है। भारत को यहां 2007 से सीरीज जीत नहीं मिली। 2011, 2014 और 2018 में टीम ने तीनों सीरीज गंवाईं। इस दौरान भारत 14 में से 2 ही टेस्ट जीत सका, टीम को 11 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रा रहे। 2021 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में भारत ने सीरीज 2-2 से ड्रा कराई थी।

इंग्लैंड फिर 2024 में भारत आई, जहां उन्हें 4-1 से हार मिली। यानी इंग्लैंड ने 7 साल से टीम इंडिया को टेस्ट सीरीज नहीं हराई है। गिल के सामने भारत को 18 साल बाद इंग्लैंड में सीरीज जिताने की चुनौती तो है ही, इंग्लैंड के खिलाफ 7 साल से अजेय टीम को अजेय रखने का चैलेंज भी है। रोहित की कप्तानी में भारत को अपने घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार मिली। टीम फिर ऑस्ट्रेलिया में भी 1-3 से हार गई। जिससे टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर-4 पर फिसल गया। गिल के सामने चुनौती है कि टीम इंडिया अपना विनिंग फार्म वापस हासिल करे। न्यूजीलैंड से पहले भारत को 12 साल से घर में किसी ने टेस्ट सीरीज नहीं हराई थी, वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारत को 10 साल बाद हार मिली।

इतने खराब फार्म से उबारने के लिए शुभमन को नई स्ट्रैटजी के साथ टीम को जिताने पर फोकस करना होगा। 2020 में टेस्ट डेब्यू करने वाले शुभमन के नाम 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1893 रन हैं। उनके डेब्यू के बाद से ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण दुनियाभर की पिचें गेंदबाजों के लिए मददगार रहीं। इसके बावजूद गिल ने 5 सेंचुरी और 7 फिफ्टी लगा दी। हालांकि, होम कंडीशन के मुकाबले विदेश में उनका फार्म थोड़ा कमजोर है। गिल ने भारत में 17 टेस्ट खेले और 42.03 के औसत से 1177 रन बनाए। उन्होंने 4 सेंचुरी और 5 फिफ्टी लगाईं। विदेश में शुभमन 15 टेस्ट में 1 सेंचुरी और 2 ही फिफ्टी लगा सकें। उनका औसत भी महज 27.53 का रहा। विदेश में गिल की इकलौती सेंचुरी भी बांग्लादेश में आई। यानी इंग्लैंड सीरीज से ही गिल को खुद की बैटिंग भी साबित करनी होगी। विराट, रोहित और अश्विन जैसे सीनियर प्लेयर्स ने टेस्ट से संन्यास ले लिया। शमी इंजरी के कारण स्क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह, जडेजा और केएल राहुल ही सीनियर प्लेयर्स हैं। इंग्लैंड में भारत की बहुत युवा टीम खेलने वाली है, 9 प्लेयर्स की उम्र तो 21 से 28 साल के बीच ही है। ऐसे में गिल के सामने भारत का ट्रांजिशन फेज संभालने की चुनौती भी है।

### खेल विशेष

## दार्जिलिंग में आईएसकेएफ कराटे चैंपियनशिप का आगाज

**दार्जिलिंग, वार्ता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में चल रही द्वितीय आईएसकेएफ इंडिया शोटो कप राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में रविवार को एक विशेष अवसर देखने को मिला जब इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बंगाल, सिक्किम, उत्तराखंड, केरल, कर्नाटक, गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दार्जिलिंग के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने कार्यक्रम में भाग लिया और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए हौसलाअफजायी भी की। अपने संबोधन में श्री बिष्टा ने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का एक सशक्त साधन हैं।ह उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में खेल युवाओं को तनाव, अवसाद और बुरी आदतों से बचाने में मदद करते हैं। कराटे जैसे मार्शल आर्ट की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी बढ़ावा देता है। श्री बिष्टा ने केंद्र सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार खेल प्रतिभाओं को गांव-गांव से पहचान देने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है।ह साथ ही उन्होंने गर्वपूर्वक उल्लेख किया कि दार्जिलिंग और आस-पास के क्षेत्रों के युवा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे



**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को रविवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग ने 36 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-11, 21-9 से हराया। किदांबी श्रीकांत की ली शिफेंग के खिलाफ पांच मैचों में चौथी हार है। मैच की शुरुआत भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला अंक हासिल करके की लेकिन इसके बाद शिफेंग ने श्रीकांत पर दबाव बनाना शुरू किया और 6-3 की अहम बढ़त बना ली। मिड गेम ब्रेक तक विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली थी।

इसके बाद श्रीकांत ने कुछ अंक बटोरे लेकिन शिफेंग ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 16-9 से अपने हक में कर लिया। इसके बाद चीन शटलर ने श्रीकांत को कोई मौका नहीं देते हुए पहले गेम मात्र 15 मिनट में 21-11 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में चीनी शटलर ने श्रीकांत पर दबदबा बनाते हुए 21-9 से जीत दर्ज की और मलेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।

## पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा है, उनके लिए भी फिटनेस जरूरी : मांडविया

● केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में कहा कि पत्रकार अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं, उनके लिए भी फिटनेस आवश्यक है।

यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खराब मौसम में बावजूद केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ पत्रकारों और मीडिया बिरादरी के सदस्यों ने साइकिल चलाई। इस चार किलोमीटर की साइकिल यात्रा में दिल्ली पत्रकार संघ, दिल्ली खेल पत्रकार संघ, एथलीट और 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।इस अवसर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का संडे ऑन साइकिल बारिश के बावजूद सफल रहा। हमारे पत्रकार मित्र पूरे जोश के साथ आए और यह देखकर वाकई खुशी हुई। पत्रकारों की दिनचर्या शायद ही कभी शांतिपूर्ण होती है, वे दिन-रात काम करते हैं। हम हर सुबह जो सुर्खियां पढ़ते हैं, वे रात भर उनके अथक प्रयासों का नतीजा होती हैं।

यह महत्वपूर्ण काम जारी रखने के लिए उन्हें फिट रहना जरूरी है। इसीलिए मैंने उन्हें आमंत्रित किया। दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मंत्री द्वारा आमंत्रित किया जाना एक अद्भुत अनुभव था। बारिश और हमारे देर रात तक काम करने के बावजूद, इतने सारे पत्रकार आए- यह साबित करता है कि फिटनेस मजेदार हो सकती है। साइकिल चलाने जैसी केवल एक घंटे की गतिविधि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और चिकित्सा व्यय को कम करने में काफी मददगार हो सकती है।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि साइकिल पर मंत्री के साथ शामिल होने इस वास्तविकता का एहसास हुआ कि फिटनेस कितनी महत्वपूर्ण है, विशेषकर उन मीडिया पेशेवरों के लिए जो हमेशा सक्रिय रहते हैं। साइकिल चलाना न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है।

## 'खेलो इंडिया' में इस बार बने 26 रिकॉर्ड: पीएम

■ विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहा



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया' के तीन प्रमुख विजेताओं महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान को बधाई देते हुये रविवार को कहा कि इस बार 'खेलो इंडिया' में 26 रिकॉर्ड बने हैं। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात'की 122वीं कड़ी में कहा कि हाल ही में 'खेलो इंडिया' गेम्स की बड़ी धूम रही।

खेलों इंडिया के दौरान बिहार के पाँच शहरों ने मेजबानी की थी। वहाँ अलग-अलग वर्ग के मैच हुए थे। पूरे भारत से वहाँ पहुंचे एथलिटों की संख्या पांच हजार से भी ज्यादा थी। इन एटलिटों ने बिहार की खेल भावना की, बिहार के लोगों से मिली आत्मीयता की, बघी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती बहुत खास है। इस आयोजन में यहाँ कई अनूठी चीजें हुई हैं। खेलों इंडिया यूथ गेम्स का ये पहला आयोजन था, जो ऑलम्पिक चैनल के जरिए दुनिया-भर में पहुंचा। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाघ्यिों की प्रतिभा को देखा और सराहा।

इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकॉर्ड बने। भारोतोल्लन स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र के साईराज परदेशी ने तो तीन रिकॉर्ड बना डाले। एथलिटों में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार बिहार ने भी 36 पदक अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो खेलता है, वही खिलता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह बहुत मायने रखता है। इस तरह के आयोजन भारतीय खेलों के भविष्य को और सँवारने वाले हैं।

### मोदी ने हरियाणा के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया : नायब सैनी



**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को कहा कि बिहार की पावन भूमि पर हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा के प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई देकर हमारे सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू कये गए इन खेलों से हरियाणा के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक परिवर्तन के कारण देश-विदेश की प्रतियोगिताओं में हम निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी प्रदर्शन के बलबूते हमारे खिलाघी लगातार मेडल जीत कर प्रदेश का गौरव भी बढ़ा रहे हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना), वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चार देशों के टूर्नामेंट में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए सुखवीर कौर ने (39वें) और कनिका सिवाच ने (58वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से एकमात्र गोल जावेरिया सेंज ने (20वें)मिनट में गोल दागा। मैच के दूसरे हॉफ में चिली की जावेरिया सेंज ने 20वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम सोमवार को अपने अगले मैच में उरुग्वे से मुकाबला करेगी।

## वापस लौटे हेजलवुड आरसीबी से जुड़ेंगे



■ प्लेऑफ में खेलेने के लिए टीम से फिर जुड़े जोश हेजलवुड

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गें. दबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। वह इस सत्र में आरस. ीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17-27 की औसत और 8-44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसे समय में हेजलवुड की वापसी उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित किए जाने पर वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वहां वह रिहैब करने के साथ-साथ द. अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी के फाइनल की तैयारी के तहत ब्रिस्बेन में अभ्यास भी कर रहे थे।

# चेन्नई ने गुजरात को 83 रनों से हराया



जीटी हारकर भी आईपीएल टेबल टॉपर, सीएसके सबसे नीचे

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 83 रन से हरा दिया है। जीटी यह मैच हारकर भी पाइंट्स टेबल के टॉप पर है, जबकि सीएसके यह मैच जीतकर भी 10वें स्थान पर रही है। रविवार के पहले मुकाबले में 231 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले। गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। अरशद खान ने 20 रन का योगदान दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन बनाए थे। रवींद्र जडेजा 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। डेवोन कान्वे (52 रनद्ध ने भी अर्धशतक लगाया। ओपनर आयुष म्हात्रे ने 34, उर्विल पटेल ने 37 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। ब्रेविस को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। गुजरात ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। टीम के पास 18 अंक हैं। इस हार के बाद गुजरात को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। चेन्नई ने सीजन में चौथा मैच गंवाया है। धोनी की टीम 14 मैचों के बाद 8 अंक ही हासिल कर सकी है। टीम पाइंट्स टेबल के 10वें स्थान पर है।

## संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है: धोनी

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आज कहा कि संन्यास पर सोचने के लिए मेरे पास अभी बहुत समय है। यहां इंडियन प्रीमियर लीग में अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रनों से शिकस्त देने के बाद संवाददाता सम्मेलन में धोनी कहा कि हमारा सत्र अच्छा नहीं गया। इस सत्र में हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आज के मैच में हमने परफेक्ट प्रदर्शन किया और हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहा। हमने कई अच्छे कैच पकड़े हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पास फैसला लेने के लिए चार पांच महीने हैं, कोई जल्दबाजी नहीं है। शरीर को फिट रखना जरूरी है। अब रांची जाऊंगा, थोड़ी बाइक राइड्स का आनंद उठाऊंगा। मैं ये नहीं कह रहा कि मैं अब रिटायर हो रहा हूं, और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापस आ रहा हूं।

# सम्पादकीय

सोमवार, 26 मई 2025

## नया भारत

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 122वां एपिसोड प्रस्तुत हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर व सेना के पराक्रम पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया वह अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनियाभर के आतंक के खिलाफ लड़ाई को एक नया उत्साह दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उनकी सफलता में शामिल थी भारत में बने हथियार, उपकरणों और तकनीकी ताकत। ऑपरेशन सिंदूर में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था, हमारे इंजीनियर, हमारे टैक्नीशियन हर किसी का पसीना इसमें शामिल है। उनके अनुसार ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश के भाव से भर दिया है। यही कारण है कि देश के कई शहरों में, गांवों में, छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकल रही हैं। सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही हैं, संकल्प गीत गाए जा रहे हैं और छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे हैं। बिहार के कटिहार, यूपी के कुशीनगर के साथ-साथ अन्य शहरों में भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जन्मे बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूरे देश में एक गजब का जज्बा देखने में आ रहा है। पूरा देश एकजुटता के साथ अपनी सेना के साथ खड़ा हुआ है और इस युद्ध की खास बात यह है कि भारत की तरफ से जो हथियार इस्तेमाल किए गए, जिन्होंने सटीक परिणाम दिए वे भारत में ही बने हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि रक्षा के क्षेत्र में अब भारत किसी का मोहताज नहीं रहा है और उसे अपनी रक्षा व लड़ाई के लिए किसी की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं है। भारत ने यह भी साफ किया है कि उसकी लड़ाई किसी देश से नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। पाकिस्तान में भी दोनों स्थानों पर हमारी सेना ने कार्रवाई की है, वे आतंकी ठिकानों पर की गई है, जिसमें सैकड़ों आतंकवादी मारे गए। भारत को बार-बार कहने के बावजूद भी यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध है। पाक की तरफ से बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देखने में आई है। जिससे पाक का चेहरा पूरी दुनिया में बेनकाब हुआ कि वह न केवल आतंकवादियों को पालता-पोसता है बल्कि उनका पूरी तरह संरक्षण करता है। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में उन्हीं तमाम बातों का जिक्र किया और भारत की सेना की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उसने अपने काम को बड़ी कुशलता से अंजाम दिया। विकट परिस्थितियों में देश की जनता ने जिस तरह की एकजुटता दिखाई और अपनी सेना का मनोबल बढ़ाया, ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। तिरंगा यात्राएं जगह-जगह निकलना इस बात का ठोस परिणाम हैं कि हमारे लिए अपनी सेना के लिए बहुत सम्मान है।

## सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे भाजपा नेता



भाजपा और उसके नेता नैतिकता को ताक पर रखकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने की हो में बहादुर सेना तथा हमले के पीड़ितों को अपमानित कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, भाजपा नेता एक के बाद एक पहलगाम हमले के पीड़ितों और सेना के खिलाफ बदजुबानी कर रहे हैं, लेकिन श्री मोदी और भाजपा नेतृत्व उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, ऐसा लगता है कि शीर्ष नेतृत्व से आदेश पाकर वे जहां मौका मिले ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय प्रधानमंत्री को दे रहे हैं, श्रेय देने की होड़ में भाजपा नेता संयम खोते हुए अपनी भाषा भूल गए और सेना का अपमान करने लगे।

-अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस



# हमारे बीच पहुंचे कोविड-19 के दो नए वेरिएंट्स



एम. इमरान

भारत में कोविड-19 के नए वेरिएंट्स NB.1.8.1 और LF.7 की पहचान एक महत्वपूर्ण चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। कोविड-19 महामारी, जिसने 2020 में पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था, समय-समय पर अपने नए स्वरूपों में सामने आती रही है। यह वायरस निरंतर रूपांतरण (म्यूटेशन) के माध्यम से नए वेरिएंट्स उत्पन्न करता है जो कभी-कभी अधिक संक्रामक और खतरनाक बन सकते हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग और भारतीय सार्स-कोविड जीनोमिक्स कंसोर्टियम INSACOG के अनुसार, इन नए वेरिएंट्स पर निगरानी बढ़ा दी गई है और वैज्ञानिक समुदाय इनकी विशेषताओं को गहराई से समझने की कोशिश कर रहा है।

### NB.1.8.1

NB.1.8.1 वेरिएंट अप्रैल 2025 में तमिलनाडु में पहली बार पाया गया जबकि LF.7 वेरिएंट मई 2025 में गुजरात में चार लोगों में पाया गया। इन दोनों वेरिएंट्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने Variants Under Monitoring की श्रेणी में रखा है, जिसका अर्थ है कि ये वेरिएंट्स कुछ विशेष गुणों के कारण निगरानी के योग्य हैं। इनमें ऐसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली से बच निकलने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह ज्यादा तेजी से फैल सकता है और टीकाकरण के प्रभाव को कम कर सकता है।

NB.1.8.1 वेरिएंट में A435S/ V445H और T478I जैसे म्यूटेशन्स पाए गए हैं जो वायरस के स्पाइक प्रोटीन को प्रभावित करते हैं। यह वही स्पाइक प्रोटीन है जो वायरस को मानव कोशिकाओं से जोड़ने और उनमें प्रवेश करने में सहायता करता है। अगर इस प्रोटीन में परिवर्तन होता है, तो वायरस अधिक संक्रामक हो सकता है और कुछ मामलों में यह प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा पहचाना नहीं जा सकता। इससे पहले ओमिक्रॉन और डेल्टा जैसे वेरिएंट्स में भी इसी प्रकार के म्यूटेशन्स देखे गए थे, जिससे इनकी संक्रामकता बढ़ गई थी।

### LF.7

LF.7 वेरिएंट की उत्पत्ति संभवत: ओमिक्रॉन परिवार से हुई है, जो पहले ही कई उपवेरिएंट्स उत्पन्न कर चुका है। LF.7 की विशेषताओं पर अब तक बहुत कम जानकारी उपलब्ध है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह भी तीव्र गति से फैल सकता है और लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इस वेरिएंट से संबंधित मामलों की संख्या अभी तक सीमित है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि प्रारंभिक मामलों से ही महामारी की दूसरी लहरें शुरू हो चुकी हैं।

इन वेरिएंट्स के प्रसार की संभावना को देखते हुए हमें न केवल सतर्क रहने की आवश्यकता है, बल्कि अपने व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में भी सावधानी अपनानी होगी। टीकाकरण, स्वच्छता, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी बनाए रखना और समय-समय पर जांच कराना ये सभी आवश्यक कदम हैं जो इस संक्रमण से बचने में मदद कर सकते हैं। आइए इन सभी उपायों को विस्तार से समझते हैं। सबसे पहले बात करें टीकाकरण की। आज भी टीकाकरण ही कोविड-19 के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है। भले ही नए वेरिएंट्स किसी हद तक प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में सक्षम हों, लेकिन टीकाकरण से शरीर को गंभीर बीमारी से बचाव मिलता है। यह देखा गया है कि जिन लोगों को कोविड-19 के खिलाफ पूरी तरह से टीका लगाया गया है, उन्हें संक्रमित होने पर भी गंभीर लक्षण नहीं होते और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि आप पात्र हैं और आपने बूस्टर डोज नहीं ली है, तो बिना देर किए बूस्टर डोज जरूर लें। दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है मास्क का उपयोग। कई लोग अब यह सोचने लगे हैं कि महामारी खत्म हो चुकी है, लेकिन वायरस अभी भी हमारे बीच है और नए स्वरूपों में आ रहा है। विशेष रूप से बंद जगहों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में मास्क पहनना अत्यंत आवश्यक है। मास्क न केवल दूसरों को आपसे संभावित संक्रमण से बचाता है, बल्कि आपको भी संक्रमित हवा से बचाने में मदद करता है।

हाथों की स्वच्छता भी एक बुनियादी लेकिन अत्यंत प्रभावी उपाय है। वायरस हाथों के माध्यम से मुंह, नाक और आंखों तक पहुंच सकता है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए दिन में कई बार साबुन और पानी से हाथ धोना या अल्कोहल-बेस्ड सैनिटाइजर का उपयोग करना आवश्यक है, खासकर जब आप बाहर से घर लौटते हैं, भोजन से पहले या किसी वस्तु को छूने के बाद। सामाजिक दूरी भी एक अहम भूमिका निभाती है। संक्रमण से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर लोगों से कम से कम छह फीट की दूरी बनाए रखें। यह विशेष रूप से तब और भी जरूरी हो जाता है जब आपको किसी के लक्षण जैसे कि खांसी, बुखार या गले में खराश नजर आएं। कई लोग लक्षणों के बावजूद बाहर निकलते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य निगरानी या सेल्फ मॉनिटरिंग भी बेहद जरूरी है। अगर आपको कोविड-19 जैसे लक्षण महसूस होते हैं जैसे कि बुखार, थकान, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, या स्वाद और गंध का चला जाना . तो आपको तुरंत जांच करानी चाहिए और खुद को दूसरों से अलग कर लेना चाहिए। यदि जांच में संक्रमण की पुष्टि होती है, तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाई गई होम आइसोलेशन की गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए। इन सबके अलावा मानसिक रूप से जागरूक और सकारात्मक रहना भी अत्यंत आवश्यक है। महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत प्रभाव पड़ा है और नए वेरिएंट्स की खबरें फिर से चिंता पैदा कर सकती हैं। लेकिन यदि हम सतर्कता, सावधानी और विज्ञान पर विश्वास बनाए रखें, तो इन वेरिएंट्स का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां समय-समय पर दिशा-निर्देश और सलाह जारी करती रहती हैं। जनता का यह कर्तव्य बनता है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही असत्य खबरों से बचें और केवल विश्वसनीय स्रा.ेतों से ही जानकारी प्राप्त करें। आज की तारीख में वैज्ञानिक और चिकित्सक समुदाय ने कोविड-19 के खिलाफ काफी हद तक सफलता प्राप्त की है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही हम आज इस महामारी को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं और इससे निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा पा रहे हैं, लेकिन यह लड़ाई अब भी पूरी नहीं हुई है। नए वेरिएंट्स, चाहे वे अभी कम प्रभावी दिखें, लेकिन समय के साथ उनके प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभाएं और कोविड-19 की रोकथाम के लिए हरसंभव उपाय करें। यही समय है कि हम अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और सतर्कता के साथ आगे बढ़ें। यदि आप माता-पिता हैं, तो अपने बच्चों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें स्वच्छता के नियमों के पालन की शिक्षा दें। यदि आप वरिष्ठ नागरिकों के साथ रहते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि ये नए वेरिएंट्स बुजुर्गों को अधिक प्रभावित कर सकते हैं। वहीं जो लोग पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं जैसे कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा या हृदय रोग, उन्हें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कोविड-19 से संबंधित किसी भी लक्षण को नजर. अंदाज न करें। संक्रमण का समय रहते पता चलना और इलाज शुरू करना ही आगे की जटिलताओं से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। यदि आपको कोविड-19 की पुष्टि होती है तो स्वयं को आइसोलेट करें और अपने संपर्क में आए लोगों को सूचित करें ताकि वे भी सतर्क हो सकें।

**इसके अलावा मुनक्का एनीमिया से छुटकारा भी दिलाता है। इसमें भरपूर मात्रा में आयरन, फोलेट और विटामिन बी होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है और खून की कमी को दूर करता है। मुनक्का एक ऐसा सूपरफूड है, जो कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है, फाइबर से भरपूर मुनक्का पाचन तंत्र को मजबूत करता है।**

# रोज खाली पेट पिएं भीगे मुनक्के का पानी

रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां जानिए मुनक्के का पानी किन 5 बड़ी बीमारियों में राहत देने में मददगार हो सकता है। सुबह की शुरुआत अगर सेहतमंद तरीके से की जाए तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। आयुर्वेद में कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताए गए हैं जो रोजाना की छोटी-छोटी दिक्कतों को जड़ से दूर कर सकते हैं। इन्हीं में से एक है मुनक्के का पानी। रोज सुबह खाली पेट भीगे मुनक्के का पानी ढ्डनदां॑जमतत्र पीना कई बीमारियों से बचाव में मददगार माना जाता है। आइए जानते हैं मुनक्के का पानी पीने से किन 5 बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स में राहत मिल सकती है।



### 1. पेट की समस्याएं होती हैं दूर

आजकल की खराब लाइफस्टाइल और खानपान की वजह से कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतें आम हो गई हैं। मुनक्का फाइबर से भरपूर होता है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। अगर आप रोज सुबह खाली पेट मुनक्के का पानी पीते हैं तो पेट साफ रहता है और कब्ज से राहत मिलती है।

### 2. खून की कमी होगी दूर

अगर शरीर में खून की कमी यानी एनीमिया है तो मुनक्का आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसमें आयरन, कॉपर और विटामिन ठ-कॉम्प्लेक्स होता है जो रेड ब्लड सेल्स बढ़ाने में मदद करता है। नियमित रूप से मुनक्के का पानी पीने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और कमजोरी दूर होती है।

### 3. दिल रहेगा हेल्थी

मुनक्का हार्ट के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं और कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आप दिल की सेहत को लेकर सजग हैं तो मुनक्के का पानी आजमा सकते हैं।

### 4. इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार

मौसम बदलते ही अगर आपको बार-बार सर्दी-जुकाम हो जाता है तो आपकी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है। मुनक्का शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। इसमें नैचुरल शुगर और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की ताकत देते हैं।

### 5. ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

भले ही मुनक्का मीठा होता है, लेकिन इसमें जो मिठास होती है वो धीरे-धीरे पचती है। इससे शुगर तेजी से नहीं बढ़ता। डायबिटीज के मरीज भी डॉक्टर से पूछकर थोड़ी मात्रा में इसे ले सकते हैं। इससे एनर्जी भी मिलती है और शुगर भी कंट्रोल में रहता है।

### सेवन

रात को 7-8 मुनक्के को एक ग्लास पानी में भिगो दें। सुबह छानकर पी लें और चाहें तो मुनक्के को चबा भी सकते हैं। इसे रोजाना करने से कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।

# देश की राजनीति में अपशब्दों का बढ़ता प्रचलन!



विनीत नारायण

भारत, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, एक ऐसा देश है जहां विविधता उसकी ताकत और चुनौती दोनों है। यहां की राजनीति में विभिन्न दलों के राजनेता अपने विचारों, नीतियों और नेतृत्व के माध्यम से जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में, भारतीय राजनीति में अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का बढ़ता उपयोग एक गंभीर मुद्दा बन गया है। यह न केवल सार्वजनिक विमर्श के स्तर को नीचे लाता है, बल्कि यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, जैसे स्वतंत्रता, समानता, सम्मान और संवादके खिलाफ भी है। भारतीय राजनीति में अपशब्दों का प्रयोग पहले कतई नहीं होता था, लेकिन हाल के दशकों में इसकी तीव्रता और आवृत्ति में चिंताजनक वृद्धि हुई है। विभिन्न दलों के राजनेता, चाहे वे सत्ताधारी हों या विपक्षी, अक्सर एक-दूसरे पर निजी हमले करने, अपमानजनक टिप्पणियां करने और समाज को विभाजित करने वाले बयान देने में संकोच नहीं करते। उदाहरण के लिए, कुछ राजनेताओं ने अपने विरोधियों को नीच, मवाली, गद्दार, जैसे शब्दों से संबोधित किया है। ऐसे बयानों का उद्देश्य अक्सर अपने समर्थकों को उत्तेजित करना और विपक्ष को कमजोर करना होता है। लेकिन यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ता है। 2017 में, एक सांसद ने एक धार्मिक आयोजन में जनसंख्या वृद्धि के लिए एक विशेष समुदाय को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, देश में समस्याएं खड़ी हो रही हैं जनसंख्या के कारण। इसके लिए हिंदू जिम्मेदार नहीं हैं। जिम्मेदार तो वो हैं जो चार बीवियों और चालीस बच्चों की बात करते हैं। इस तरह के बयान न केवल सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में विभाजन को और गहरा करते हैं। बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है पर उस पर प्रहार जनसंख्या नियंत्रण की नीति बना कर किया जाना चाहिए न कि केवल भड़काऊ बयान देकर। लोकतंत्र का गुण यह है कि ए जनता की भागीदारी, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और विचारों के खुले आदान-प्रदान का मौका देता है। भारत का संविधान, विशेष रूप से अनुच्छेद 19, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। लेकिन इसके साथ ही यह अपेक्षा भी करता है कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ प्रयोग की जाए। जब राजनेता अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का सहारा लेते हैं, तो वे लोकतंत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। जब राजनेता नीतियों और विचारों के बजाय व्यक्तिगत हमलों और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो यह विमर्श का स्तर गिराता है। सार्वजनिक जीवन में हमें एक-दूसरे की नीयत पर भरोसा करना चाहिए, हमारी आलोचना नीतियों पर आधारित होनी चाहिए, व्यक्तित्व पर नहीं। आज के काफी राजनेताओं का व्यवहार इस सिद्धांत के विपरीत हो रहा है। गत दस वर्षों से मुसलमानों के लेकर कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के लगातार आने वाले विरोधी बयानों ने देश में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उदाहरण के लिए, एकमहिला नेता ने 2014 में एक सभा में लोगों को ह्रामजादोंह्न और ह्हरामजादोंह्न में बांटने की बात कही। दूसरी तरफ सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत कहते हैं कि 'हिंदू और मुसलमानों का डीएनए एक है, या मुसलमानों के बिना हिंदुत्व नहीं हैं।' ऐसे विरोधाभासी बयानों से समाज में वैमनस्य और भ्रम की स्थिति फैलती है। जब राजनेता गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं, जैसे संसद और न्यायपालिका, के प्रति जनता के विश्वास को कम करता है। उदाहरण के लिए, 2024 में एक सांसद ने भाजपा पर संविधान को ह्हजार घावों से खून बहाने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा नेताओं ने विपक्षी नेताओं पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। इस तरह के आपसी आरोप-प्रत्यारोप संसद जैसे मंच की गरिमा को कम करते हैं। अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों का उपयोग अक्सर असहमति को दबाने के लिए किया जाता है। पत्रकारों और आलोचकों को प्रेस्टीट्यूट जैसे शब्दों से संबोधित करना या उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करता है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि असहमति और आलोचना लोकतंत्र के आधार हैं। राजनेताओं के अपशब्द और गैर-जिम्मेदाराना बयान समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। यह बयान न केवल जनता के बीच नकारात्मक भावनाओं को भड़काते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया के युग में, जहां ए बयान तेजी से वायरल होते हैं, इनका प्रभाव और भी व्यापक हो जाता है। इससे न केवल राजनीतिक तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक ध्रुवीकरण भी होता है। इसके अलावा, जब राजनेता लैंगिक, धार्मिक या जातीय आधार पर अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, तो यह समाज के कमजोर वर्गों, जैसे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितोंके प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देता है। उदाहरण के लिए, 2013 में एक नेता ने अपनी ही पार्टी की सांसद को सौ टंच माल कहकर संबोधित किया, जो न केवल अपमानजनक था, बल्कि लैंगिक रूप से असंवेदनशील भी था। इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग को राजनेताओं के अपशब्दों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। 2019 में, चुनाव आयोग ने कुछ नेताओं को नोटिस जारी किए थे, लेकिन ऐसी कार्रवाइयों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है।मीडिया को भी गैर-जिम्मेदाराना बयानों को बढ़ावा देने के बजाय, स्वस्थ विमर्श को प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया पर भी ऐसी सामग्री को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है कि वे ऐसे नेताओं का समर्थन न करें जो अपशब्दों और विभाजनकारी बयानों का सहारा लेते हैं। शिक्षा और जागरूकता अभियान इस दिशा में मदद कर सकते हैं।राजनेताओं को अपने बयानों के लिए जवाब. देह ठहराया जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में आचार समितियों को और सक्रिय करना होगा। जब से संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण टीवी पर होना शुरू हुआ है, तब से देश के कोने-कोने में बैठे आम जन अपने राजनेताओं का आचरण देख कर उनके प्रति हेय.ष्टि अपनाने लगे हैं। युवा पीढ़ी पर तो इसका बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। भगवान कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि बड़े लोग जैसा आचरण करते हैं तो समाज उनका वैसे ही अनुसरण करता है। नेताओं के उद्दंड व्यवहार से समाज में अराजकता और हिंसा बढ़ रही है जो सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# टैरिफ-जाल के सहारे ट्रम्प की भारत पर नजर

## अमेरिका की नौ बड़ी कंपनियां 80% प्रोडक्ट बाहर बना रहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भले ही एपल को भारत में स्मार्टफोन न बनाने के लिए धमका रहे हों, लेकिन खुद यूएस डिपार्टमेंट आफ कामर्स की रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका हर साल 425 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद और सेवाएं (भारत की जीडीपी से 32 प्रतिशत ज्यादा) दुनिया से आयात करता है। 9 बड़ी अमेरिकी कंपनियां अपने 80प्रतिशत उत्पाद दूसरे देशों में बनाती या खरीदती हैं।

2002 में 77 प्रतिशतअमेरिकी मेड इन यूएसए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते थे। 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 46 प्रतिशत रह गई है। अमेरिका में 90 प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50 प्रतिशत दवाएं, 75 प्रतिशत कपड़े, 60 प्रतिशत घरेलू सामान बाहर से आ रहे हैं। सरकार न

**अमेरिका में 90% प्रतिशत इलेक्ट्रिक सामान, 50% दवाएं, 75 फीसद कपड़े, 60 फीसद घरेलू सामान बाहर से आ रहे**

कोविड के बाद अमेरिका ने देसी मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया। 300 कंपनियां इसमें शामिल हुईं, लेकिन अमेरिका में 3207 रुपये/घंटे की मजदूरी के चलते वे उत्पादन शुरू नहीं कर पाईं। चीन में यह 116 रुपये है। कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34 प्रतिशत से 52 प्रतिशत हो गई है। एपल पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दक्षिण कोरियाई स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर्स सैमसंग पर भी एक्शन ल

**कोविड के बाद के दो साल में अमेरिका की इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स पर निर्भरता 34% से 52% हो गई है**

सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट बताती है कि सैमसंग पर भी टैरिफ की तलवार लटकी है, क्योंकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ उन सभी कंपनियों पर लागू होगा, जो अमेरिका से बाहर अपने उत्पाद बना रही हैं। भारत के कुल स्मार्टफोन फोन निर्यात में एपल और सैमसंग का योगदान 94 प्रतिशत है। 2024 में इसमें 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी इन्हीं दो कंपनियों की वजह से हुई। सैमसंग भारत में 6 करोड़ स्मार्टफोन हर साल बना रही है। भारत में अगले साल तक सैमसंग 9.3 करोड़ फोन बनाने लगेगी। अमेरिका दुनियाभर से सामान ले रहा, लेकिन दिक्कत सिर्फ भारत से है।



### निम्न अमेरिकी कंपनियों की विस्तृत रिपोर्ट

**1 एपलः**

29 लाख करोड़ रुपये के उत्पाद अमे. रिका से बाहर बनाता है। इसमें 1.87 लाख करोड़ का उत्पादन भारत में है। वह अपने 80 प्रतिशत आईफोन, 55 प्रतिशत आईपेड और 80 प्रतिशत मैकबुक चीन में बनाता है। वियतनाम में 65 प्रतिशत एयरपोड और 90प्रतिशत एपल वाच बनाता है। ताइवान में हिस्सेदारी 2 से 5 प्रतिशत तो ब्राजील और थाईलैंड में 1-1 प्रतिशत है। अमेरिका में सिर्फ मैक प्रो, एआई सर्वर चिप कंपोनेंट ही बनाता है।

**2 गूगलः**

60 से 70 प्रतिशत फोन चीन, 20 से 30 प्रतिशत वियतनाम और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। अमेरिका में एक फोन नहीं बनाती। सालाना बाहरी उत्पादन 44 हजार करोड़ रुपये है।

**3 टेस्लाः**

55 प्रतिशत उत्पाद चीन, 10 प्रतिशत जर्मनी, शेष 35 प्रतिशत अमेरिका में बनाती है। कंपनी आने वाले दिनों में भारत में उत्पादन करना चाहती है। टेस्ला के राजस्व में बाहर से बने उत्पादों की हिस्सेदारी 4.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**4 ऐनवीडियाः**

चिप मेकर। 60-70 प्रतिशत जीपीयू, टेंसर चिप और टेग्रा एसओसी चीन और ताइवान में बनाती है। महज 5-10 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका और इतना ही दक्षिण कोरिया में उत्पादन है। इसका सालाना 10. 20 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन अमेरिका से बाहर का है।

**5 नाइकीः**

इसका 50 प्रतिशत उत्पादन वियतनाम, 20 प्रतिशत चीन, 20 प्रतिशत इंडोनेशिया, 5-10 प्रतिश तथाईलैंड, 1-5 प्रतिशत अमे. रिका में है। 4.33 लाख करोड़ का उत्पादन बाहर करती है।

**6 जानसन एंड जानसनः**

फार्मा और कंज्यूमर हेल्थ प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी अपने 40 प्रतिशत उत्पाद ही अमेरिका में बनाती है। शेष 30 प्रतिशत यूरोप 15 प्रतिशत चीन और 10 प्रतिशत भारत में बनाती है। बाहर बने उत्पादों का मूल्य 3.23 लाख करोड़ रुपये है।

**7 प्राक्टर एंड गेंबलः**

उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली यह कंपनी 40 प्रतिशत उत्पाद अमेरिका, 15 प्रतिशत चीन, 15 प्रतिशत यूरोप और 5-10 प्रतिशत उत्पाद फीलीपींस, थाईलैंड और भारत में बनाती है।

# ट्रम्प ने रूस पर मिसाइल तकनीक चोरी का जड़ा इल्जाम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर अमेरिका की हाइपरसोनिक मिसाइल टेक्नोलाजी को चुराने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हाइपरसो. निक तकनीक को हमने डिजाइन किया है। उन्होंने दावा किया कि ओबामा के राष्ट्रपति रहते रूस ने इस चोरी को अंजाम दिया। ट्रम्प शनिवार को यूएस मिलिट्री एकेडमी, वेस्ट पाइंट के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने एकेडमी से पासअकिमीट हुए 1000 कैडेट को संबोधित भी किया।

मेरे सामने मैदान में मौजूद हर कैडेट को आज की सुबह का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। थोड़ी देर बाद आप मानव इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित सैन्य अकादमी से पासअकिमीट होंगे और दुनिया की अब तक की सबसे महान और सबसे शक्तिशाली सेना में अधिक. ारी बनेंगे। इस दौरान ट्रम्प ने यह भी बताया कि 8 कैडेट ने हाइपरसोनिक मिसाइल को बनाने का चैलेंज लिया है, जिनका इस्तेमाल अमेरिका कर सकता है। ट्रम्प ने सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती पर लगाए गए बैन को सही ठहराते हुए बचाव भी किया। ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया। पासअकिमीट होने वाले इन कैडेट में 250 महिला

- **आरोपः ओबामा के राष्ट्रपति रहते ऐसा हुआ, सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती बैन करने को सही ठहराया**
- **ट्रम्प ने सभी कैडेट को बधाई देते हुए उन्हें विजेता बताया**

कैडेट भी शामिल थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मिलिट्री हेलिकाप्टर से एकेडमी पहुंचे। ट्रम्प ने भाषण के दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में सेवा देने से बैन करने पर अपने प्रशासन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को विभाजनकारी ट्रेनिंग से आजाद कर दिया है। अब हमारे देश में क्रिटिकल रेस थ्योरी या ट्रांसजेंडर फार एवरीबाडी को महिला या पुरुष सैनिकों पर थोपा नहीं जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश के जरिए अमे. रिकी सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भर्ती और सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया। इस आदेश में कहा गया कि सेना में जेंडर के होने से अनुशासन, एकजुटता पर असर पड़ता है। फिलहाल ट्रांसजेंडर को नौकरी से निकालने का मामला अभी कोर्ट में है। अगले महीने इस पर फैसला आ सकता है। अमेरिकी सेना में लगभग 21 लाख सक्रिय सैनिक हैं।

# शांति और सद्भाव में विश्वास करता है भारतः रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है।

ये डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा करेगा। रवाना होने से पहले रविशंकर ने कहा कि हम दुनिया को साफ-साफ बताएंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास करता है, लेकिन अगर निर्दोष भारतीयों पर बर्बर हमला होता है तो उसका जवाब जरूर दिया

**लेकिन अगर हमारी माताओं- बहनों का सिंदूर उजाड़ा, तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा**

जाएगा। अगर हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर कोई उजाड़ेगा तो उसे ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को बताएंगे कि आतंकवाद एक वैश्विक कैंसर है और इसका केंद्र पाकिस्तान है। हम ये भी बताएंगे कि इस आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर एक ही आवाज में बोलने की जरूरत है। डेलीगेशन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, हमारा संद. ेश बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान आज 'आतंकिस्तान' बन गया है। सभी आतंकवादियों की जड़ें पाकिस्तान में पाई जाती हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस का हमारा संकल्प पाकिस्तान को कमजोर करेगा और उसके 'आतंकवाद' को खत्म करेगा। ऑपरेशन सिंदूर की जानक. ारी देने के लिए भारत से सभी 7 डेलीगेशन रवाना हो गए हैं। इनमें से 6 डेलिगेशन अपने-अपने निर्धारित देश पहुंच गए हैं। दो डेलीगेशन 21 मई को, एक 22 मई को, तीन 24 मई को और एक डेलीगेशन 25 मई को विदेश रवाना हुआ।

# डैनियल नोबोआ ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने शनिवार को क्विटो में नेशनल असेंबली में एक समारोह के दौरान अपने पहले पूर्ण कार्यकाल के लिए शपथ ली। अप्रैल में फिर से चुनाव जीतने वाले 37 वर्षीय व्यवसाई, जिन्होंने ने 2023 के अंत में स्नैप चुनाव जीतने के बाद अभी-अभी अपना 18 महीने का प्रारंभिक कार्यकाल पूरा किया था। उनका नया कार्यकाल 2029 तक चलेगा। नोबोआ ने शासन में एक नया दृष्टिकोण लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हम चक्रों को तोड़ने आए हैं। उन्होंने स्थाई परिवर्तन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# इजरायल का कहर जारीः नौ बच्चों की मौत

## इजरायल के युद्ध में अब तक कम से कम 53901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए

**खान यूनिस।** गाजा में एक डॉक्टर के घर पर हुए इजरायली हवाई हमले में उसके दस बच्चों में से नौ की मौत हो गई है। नासेर अस्पताल के एक डॉक्टर के अनुसार, डॉ. अला अल-नज्जर का एक बच्चा और उनके पति घायल हो गए, लेकिन बच गए। अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया।

उन्होंने बीबीसी को बताया कि यह 'असहनीय रूप से क्रूर' है कि उनकी मां जिन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में बच्चों की देखभाल में कई साल बिताए एक ही मिसाइल हमले में अपने लगभग सभी बच्चों को खो सकती हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल की सेना ने कहा कि वह 'गैर-संलग्न नागरिकों को

**अस्पताल में काम करने वाले ब्रिटिश सर्जन ग्रीम ग्रूम ने जीवित बचे 11 वर्षीय बच्चे का ऑपरेशन किया**

नुकसान पहुंचाने के दावे की समीक्षा कर रही है।' इजरायली सेना ने कहा कि उसके विमान ने शुक्रवार को खान यूनिस में कई संदिग्धों पर हमला किया था। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक द्वारा साझा किए गए एक वायरल वीडियो में खान यूनिस में हमले के मलबे से छोटे जले हुए शवों को उठाया गया था। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसके 'विमान ने कई संदिग्धों पर हमला किया, जिनकी पहचान खान यूनिस के क्षेत्र में आईडीएफ सैनिकों के बगल में एक संरचना से संचालन करते हुए की गई थी।' आईडीएफ ने कहा, ''खान यूनिस क्षेत्र एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। वहां अभियान शुरू करने से पहले आईडीएफ ने अपनी सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र से नागरिकों को निकाला। स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ. मुनीर अलबोर्श ने 'एक्स' पर कहा कि डॉ. अल-नज्जर के पति हम्दी के अपनी पत्नी को काम पर ले जाने के बाद घर लौटने के कुछ ही मिनटों बाद अल-नज्जर के घर पर हमला किया गया। डॉ. ग्रूम ने कहा कि बच्चों के पिता बहुत बुरी तरह से घायल हो गए, उनके 'सिर में गहरी चोट' आई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा पर इजरायल के युद्ध में कम से कम 53,901 फलस्तीनी मारे गए और 122,593 घायल हुए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि सरकारी मीडिया कार्यालय ने मृतकों की संख्या 61,700 से अधिक बताई।

# पाकिस्तान में आंधी-तूफान से 19 लोगों की मौत, 90 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शनिवार को आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण कम से कम19 लोगों की मौत हो गई और 90 अन्य घायल हो गए। खराब मौसम की वजह से कई जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं जिससे व्यापक स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ।

एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रांत के कई जिलों में मुख्य रूप से मकान ढहने और पेड़ गिरने से मौतें हुईं। तूफान और वर्षा के कारण कई स्थानों पर मिट्टी के मकान और कमजोर इमारतों गिर गईं। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार तूफान में पेड़ गिरने, बिलबोर्ड उखड़ने और सौर पैनलों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं भी व्यापक रूप से हुईं जिससे बड़ी संख्या में लोग मारे गये और घायल हुए। पूरे प्रांत में यातायात काफी प्रभावित हुआ। मोटरवे पुलिस ने खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर

**खराब दृश्यता और तूफान के कारण सड़क मार्ग को कई स्थानों पर बंद कर दिया था**

दिया था। प्रांत की राजधानी लाहौर में भी उड़ान संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। परेशान और घबराए हुए यात्रियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। कराची से लाहौर जाने वाली एक निजी एयरलाइन की उड़ान को अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। विमानन सूत्रों ने बताया कि पायलट ने अशांत मौसम को देखते हुए लैंडिग को रोक दिया और हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देशों के बाद विमान को सुरक्षित रूप से कराची वापस कर दिया। सूत्रों ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण से निर्देश प्राप्त करने के बाद विमान सुरक्षित रूप से कराची के दक्षिणी बंदरगाह शहर में लौट आया, जबकि कई अन्य उड़ानें भी तेज हवाओं के कारण विलंबित हुईं।



**गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जलभराव वाले रोड पर चलते वाहन।**

# मुनीर ने फील्ड मार्शल बनने पर डिनर दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने फील्ड मार्शल का पद मिलने के बाद शनिवार रात डिनर का आयोजन किया। इस डिनर में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। पीपुल्स पार्टी के लीडर और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी डिनर में शामिल होने पहुंचे। मुनीर ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान तेजी से फैसले लेने के लिए पाकिस्तान की पालिटिकल लीडरशिप को शुक्रिया कहा है।

डिनर में पाकिस्तान की सीनेट के अध्यक्ष, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री,

**पीएम शहबाज और राष्ट्रपति जरदारी पहुंचे और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए**

राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जाइंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के सीनियर लीडर शामिल थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज से तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर जाएंगे। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.

Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों से गई 200 लोगों की जान

**काबुल।** अफगानिस्तान में दशकों तक चले संघर्षों के बाद, अब भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों से जान जाने का खतरा बना हुआ है। इन्हीं सुरंगों के कारण परवान प्रांत के कोह सफी जिले के एक गांव में तीन दशकों में अब तक करीब 200 लोगों की जान जाने की खबर है। अफगानिस्तान के दूरस्थ गांव जौज़ाक में आज भी ज़मीन में दबे बारूदी सुरंगों का खतरा बना हुआ है। यहां करीब एक हजार परिवार रहते हैं। टोलो न्यूज़ को स्थानीय निवासी मोहसिन खान ने बताया कि पिछले 30 वर्षों में बारूदी सुरंगों ने लगभग 200 लोगों की जान ले ली है और कई लोग घायल भी हुए हैं। एक अन्य ग्रामीण उमर गुल ने कहा कि जहां भी जाओ, हर पहाड़ी और खेत में बारूदी सुरंगें बिछी हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से खौफ के साये में पाक

## चीन की सहायता से कर रहा अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण

**वाशिंगटन।** पहलगाम हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक खौफ में है। उसे अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है, इसीलिए वह चीन की मदद लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार को विकसित कर रहा है। ऐसा दावा अमे. रिका ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा रविवार को जारी 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए हैं।

इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान चीन से सैन्य और आर्थिक सहायता लेकर अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिक. ीकरण कर रहा है। इतना ही नहीं, इसमें यह भी कहा गया है कि वह भारत को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा

**अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट मं 2024 में पाकिस्तान को लेकर कई दावे किए**

जारी की गई यह रिपोर्ट अमेरिकी प्रति. निधि सभा की सशस्त्र सेवा उपसमिति के लिए बनाई गई है। 'विश्व खतरा आकलन रिपोर्ट 2025' में पाकिस्तान की सेना उसके सैन्य अभियानों और परमाणु हथियारों के बारे में विस्तार के जानकारी दी गई है। इसमें दावा किया गया है कि आने वाले साल में पाकिस्तान की शीर्ष प्राथमिकता सैन्य ढांचे को विकसित और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ सीमा पार होने वाली झड़पें और अपने परमाणु शस्त्रागार का निरंतर आधु. निकीकरण शामिल होगा। अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। ऐसे में वह भारत की सैन्य ताकत का मुकाबला करने के लिए खुद को और अपनी सेना को विकसित कर रहा है। वहीं, वह अपने परमाणु हथियारों सहित उनकी सुरक्षा और कमान प्रणाली को भी विकसित और आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कर रहा है। इसके लिए वह विदेशी आपूर्तिकर्ताओं और बिचौलियों से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) से जुड़े सामान खरीद रहा है। इसमें चीन उसका सबसे बड़ा मददगार है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान चीन से सामूहिक विनाश के हथियार (डब्ल्यूएमडी) विकसित करने के लिए सामग्री और प्रौद्योगिकी हासिल कर रहा है। इनमें से ज्यादातर सामग्री हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के जरिये हो रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया इस आपरेशन में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमलों की कोशिश की, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका 10 मई की सुबह लगा, जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें हवाई अड्डे, रडार इकाइयां और गोला-बारूद के भंडार शामिल थे।